e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 266

# प्रभात मंत्र

शनिवार
28.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
दुनिया में हर इंसान अलग है इसलिए जो जैसा है उसे वैसा ही स्वीकार करना सीखे!

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



अबुआ आभार हेमन्त सरकार

नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार

नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन
एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 28 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- इस वित्तीय वर्ष में 5,403 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं 539 लैब सहायकों की नियुक्ति
- JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 200 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PR NO-337433 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# उपायुक्त ने पर्यटक गतिविधियों का किया उद्घाटन

## मलय डैम में जल और साहसिक क्रीड़ा शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सतबरवा स्थित मलय डैम में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने जल क्रीड़ा के तहत डैम में बोट संचालन का उद्घाटन किया।इस अवसर पर मेदिनीनगर सदर एसडीओ सुलोचना मीना व छत्तरपुर एसडीओ भी मौजूद रहे।उद्घाटन के पश्चात सभी अधिकारियों ने नौका विहार का आंनद लिया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने डैम घूमने आये एक परिवार को गिफ्ट भेंट किया,वहीं बच्चे को नाश्ता भी करवाया साथ ही पर्यटन मित्रों के बीच प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया।मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि मलय डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा की योजना तैयार की है। आज से डैम में



विभिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा सामग्री जैसे स्पीड मोटर बोर्ड, पैडल बोट, कयाकिंग और जेट्टी की व्यवस्था की गयी है।उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। जिले में पर्यटक स्थलों के समुचित विकास, आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की स्थापना,पर्यटकों के लिए आवास की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के लिए जिला प्रशासनकृत संकल्पित है। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, बीडीओ, पर्यटन कोऑर्डिनेटर सुशील द्विवेदी, सिकंदर आदि उपस्थित थे। **पर्यटकों के लिए मोटर बोट उपलब्ध, हरे-भरे वातावरण के बीच कर सकेंगे नौका विहार :** विश्व पर्यटन दिवस के दिन जिलेवासियों को पर्यटन के क्षेत्र में अच्छी सौगात मिली है।डैम घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए मोटर बोर्ड उपलब्ध रहेंगे जिसमें कयाकिंग भी शामिल है।डैम आनेवाले पर्यटकों के सुरक्षा हेतु लाइफ जैकेट भी दिया जायेगा।सभी पर्यटक मित्रों को गिरिडीह से लाइफ सेविंग टेक्नीक का प्रशिक्षण भी दिया गया है।जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा के माध्यम से पर्यटक डैम के सुंदर दृश्य का आनंद ले सकेंगे और साहसिक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे।

# विधायक चंद्रवंशी ने किया ग्रामीण क्षेत्र के दो रोड का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पलामू जिला स्थित बिश्रामपुर प्रखंड के जर्का मोड मंदिर से गेडुआ होते हुए कानू टोला तक नई रोड व ऐन ऐच 39 मुख्य मार्ग से लेकर टोना तक सुंदरीकरण का शिलान्यास वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के द्वारा किया गया, इस मौके पर उनके साथ जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे, श्री चंद्रवंशी ने उपस्थित ग्रामीण के बीच अपनी बात रखते हुए बोला क्षेत्रीय जनता रोड को लेकर आने जाने मे हो रही समस्या से मुझे अवगत कराया था जिसे मैं जल्द ही पूर्ण करने का कार्य किया हूं, विश्रामपुर विधानसभा का ज्यादातर रोड मेरे माध्यम से ही बना हुआ है जिससे ग्रामीण जनता को उस रोड से आने जाने में सुलभता महसूस हो रही हैं कार्यक्रम में उपस्थित, संजय चंद्रवंशी, उदय पांडे, संजय तिवारी, रामानंद तिवारी, उपेंद्र तिवारी, दिलीप चंद्रवंशी, दिलीप पासवान, मनोज कुमार मिश्रा, अलख चंद्रवंशी, राजकुमार कानू, परीखा चंद्रवंशी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आजीविका संकुलस्तरीय वार्षिक आम सभा का किया गया आयोजन



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परसोडीह आजीविका संकुलस्तरीय प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति के द्वारा शुक्रवार को ग्राम-पंचायत परसोडीह में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जेएसएलपीएस के बीपीएम अरविंद कुमार उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं को स्वावलंबी बने स्वरोजगार से जुड़ने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए विशेष रूप से पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुखिया मुंगा साह,भोला उरांव, सफीना बानो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भवनाथपुर थाना प्रभारी के रूप में रजनी रंजन ने दिया योगदान



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में रजनी रंजन ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी कृष्ण कुमार से पदभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग से क्षेत्र में अमन चैन कायम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करने की कोशिश की जाएगी। जनता किसी भी वक्त अपनी समस्याएं लेकर थाना आ सकती है। यथासंभव पुलिस की ओर से मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में वे भवनाथपुर थाना अंचल अंतर्गत हरिहरपुर ओपी मे थे, इसलिए कार्य करने में परेशानी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा ने जिला बल के 11 पुलिस पदाधिकारी को स्थानान्तरित किया है। इसी क्रम मे भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार को बरडीहा थाना का प्रभारी बनाया गया है, वहीं हरिहरपुर ओपी प्रभारी रजनी रंजन को भवनाथपुर थाना का प्रभार दिया गया है।

# एसवीएम में महिला थाना द्वारा बाल एवं महिला जागरूकता अभियान के तहत भैया-बहनों को किया गया जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में महिला थाना द्वारा बाल एवं महिला जागरूकता अभियान के तहत कक्षा अष्टम से दशम तक के भैया- बहनों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्कु ने कहा कि बच्चों के बीच हो रही बाल अपराध के प्रति हम आप सबों को जागरूक करने आये है। बाल अपराध के तहत बाल विवाह, यौन उत्पीड़न, छेड़खानी आदि आते है, यदि इनमे से कोई अपराध करने की कोशिश करता है तो आप अपने माता-पिता, गुरुजन को सूचित करें और मुझसे भी बेहिचक 112 या मेरे व्यक्तिगत नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।हम आप सबों की सेवा में सदैव तत्पर है। महिला आरक्षी नीलिमा लकड़ा ने भैया-बहनों के बीच पोक्सो



एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दिया और समाज मे व्याप्त इन कुरीतियों के प्रति सजग होने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में महिला थाना से कुसुम कुमारी, प्रभारी प्रधानाचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, आचार्य अविनाश कुमार, कौशलेंद्र झा, दिनेश कुमार, प्रसून कुमार, रूपेश कुमार, उमेश कुमार, आचार्या प्रियम्बदा, नीति कुमारी उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों को झारखंड प्रान्त से प्रकाशित उत्सर्ग पत्रिका देकर सम्मानित किया गया।

# मोटरसाइकिल एवं मारुती डिजायर कार में जबरदस्त टक्कर, मोटरसाइकिल चालक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर सडमा कॉलेज मोड़ के निकट एचपी पेट्रोल पंप फोरलेन सड़क क्रॉसिंग के पास मोटरसाइकिल एवं मारुती डिज़ायर कार की जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार बुरी तरह से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी की मोटरसाइकिल की प्रखंचे उड़ गए, लोगों ने बताया कि छतरपुर की ओर से गलत दिशा से आ रही जे एच 01ई बी 9617 मारुती डिज़ायर कार फोर लेन सड़क पर क्रॉसिंग पार करने में डाल्टनगंज तरफ से आ रही जे एच 03 यू 4153 मोटरसाइकिल के साथ जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल के प्रकच्चे उड़ गए। मोटरसाइकिल चालक नावा बाजार ग्राम सोहदाग निवासी नबाब अंसारी (पारा शिक्षक) बुरी तरह



से घायल हो गया। लोगो का कहना है की इस फोरलेन क्रॉसिंग के पास हमेशा दुर्घटना होती रहती है और अब तक 10 लोगों की जाने जा चुकी है प्रशासन से इस सड़क क्रॉसिंग को बंद करने की बार - बार मांग करने के बाद भी अब तक बंद नहीं कराया गया जो आगे भी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है घायल मोटरसाइकिल चालक को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लोगों ने भेजा जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर कर दिया गया।

# सीबीसी डाल्टनगंज द्वारा स्वच्छता ही सेवा पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डाल्टनगंज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा शुक्रवार, दिनांक 27 सितंबर, 2024 को राजमाता प्रफुल्ल मंजरी कन्या उच्च विद्यालय चैनपुर, मेदिनीनगर में स्वच्छता ही सेवा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता हुई। इसके पूर्व स्वच्छ भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह, विद्यालय परिसर क्षेत्र की साफ सफाई, जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम कराए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सिंधु यादव, शिक्षक श्री मणिलाल रवि, श्री ओम प्रकाश यादव, शिक्षिका श्रीमती पुष्प लता कुमारी, श्रीमती एनी मिंज, श्रीमती सीमा कुमारी ,आईसीटी सुश्री नेहा परवीन ,श्री रामाशीष पांडे एवं संजीव कुमार पांडे की उपस्थिति में रंगोली प्रतियोगिता के उपरांत प्रथम स्थान काजल प्रवीण द्वितीय स्थान साजिया खातून तृतीय स्थान रोशनी कुमारी एवं बिना कुमारी को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। एक अन्य कार्यक्रम के तहत राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कंकारी, चैनपुर, डाल्टनगंज, पलामू में स्वच्छता अभियान चलाया गया यहां भी स्वच्छता शपथ, जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, छात्र-छात्राओं के द्वारा चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुंदन कुमार द्वितीय स्थान सोनू कुमार तृतीय स्थान सब्बू फातिमा को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री श्याम लाल उरांव, अंजनी कुमार, स्नेह लता कुमारी, सुमित कुमार, श्यामलाल साहू, गौतम कुमार दुबे ने सहयोग किया।

# वृद्ध महिला ने थाने में आवेदन दे कर पुत्र को खोजने की लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र के विलासपुर ग्राम निवासी परमानंद पासवान की 54 वर्षीय पत्नी सानमती देवी ने थाना में आवेदन दे कर अपने 26 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार पासवान के लापता होने का सनहा दर्ज कराते हुये उसे खोजने का गुहार लगाई है। थाना को दिये आवेदन में उन्होंने कहा है कि मेरा पुत्र रोहित कुमार पासवान गाँव के ही कुछ लड़कों के साथ विगत 17 सितम्बर को दिल्ली कमाने गया था। उससे 23 सितंबर तक बात चीत हुई है। फिर उसका फोन बंद बता रहा है। बाद में उसके साथ रहने वाले लड़को को फोन लगाया तो पता चला कि वह घर के लिये निकल गया है। लेकिन आज तक वह घर नही पहुंचा है। उसने अपने पुत्र को ढूढने की गुहार लगाई है। जब कि संवाददाता से बात करते हुए शान मति देवी ने बताया कि उसका पुत्र गावँ के ही अभिजीत कुमार, कामेश्वर पासवान, आनंद कुमार और पंचम कुमार के साथ कमाने के लिए दिल्ली गया था। 23 सितंबर की रात तक उससे बात हुई। उसने बताया था कि उसका तबियत खराब है और घर आने के लिए उसके पास पैसे भी नही है। मैंने उसे घर वापस आने के लिये 24 सितंबर को पंचम कुमार के मोबाइल नम्बर पर सुबह पांच बजे 1500 रुपये भी डाले। लेकिन आज तक वह घर नही पहुचा। उसने बताया कि जब इस संबंध में पंचम कुमार से पूछा तो उसने बताया कि वह 23 सितंबर को ही अकेले घर जाने को निकल गया है। उसने थाना प्रभारी से अपने पुत्र को खोजने की गुहार लगाई है।

# 2019 में एनसीपी युवा नेता ने सेव बेतला सेव पलामू मुहिम शुरू की थी

## पलामू टाइगर रिजर्व में बाघिन की पुष्टि हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जहां चाह, वहां राह इस सिद्धांत को साकार किया है एनसीपी के युवा नेता सूर्या सिंह ने, जिन्होंने सेव बेतला सेव पलामू को मुहिम के माध्यम से पलामू टाइगर रिजर्व में चार साल बाद बाघिन की पुष्टि कराई है। 2019 में इस मुहिम की शुरुआत करते समय, इस नेशनल पार्क में बाघों की संख्या शून्य थी। पिछले दो वर्षों में पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत बाघों की उपस्थिति तो देखने को मिली, लेकिन बाघिन की अनुपस्थिति से बाघों के रहने की स्थिरता अनिश्चित थी। हाल ही में बाघिन की पुष्टि ने सूर्या सिंह के नेतृत्व में पलामू वासियों की मेहनत को फलीभूत किया है, और पलामू ही नहीं देश विदेश से पलामू टाइगर रिजर्व आने वाले सैलानियों की जिज्ञासा और बढ़ गई है। इससे पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। सूर्या सिंह का संकल्प है कि पलामू में फिर से बाघों की गर्जन गूंजे,



उनकी संख्या बढ़े, जिससे इसे पर्यावरण की सुरक्षा के साथ हकीकत में नेशनल पार्क के रूप में विख्यात हो सके। पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए नए अवसर पैदा होंगे। बाघों की बढ़ती संख्या न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखेगी, बल्कि इससे स्थानीय रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। बाघिन की उपस्थिति से बाघों के रहने में स्थिरता आएगी, और उनकी संख्या में भी वृद्धि होगी। यह अभूतपूर्व सफलता दर्शाती है कि जब किसी व्यक्ति का संकल्प मजबूत हो, तो सभी शक्तियां बदलाव के लिए एक साथ स्वतः काम करने लगती हैं। जहां सूर्या, वहां उम्मीद की किरण यह नारा पलामू के लिए एक नई दिशा और उम्मीद का प्रतीक बन गया है। बाघिन की उपस्थिति की पुष्टि होने पर युवा नेता सूर्या सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी पलामू वासियों को बधाई देते हुए उनकी मेहनत और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया है। उनका मानना है कि प्राकृतिक संपदाओं से भरपूर झारखंड के पलामू ज़िले के विकास और उन्नति की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। इसे संरक्षित और सुरक्षित करना सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा की दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व एरिया से रेल लाइन और सड़क गुजरने की वजह जंगली जानवर बड़ी संख्या में अन्यत्र पलायन कर जाते हैं। उन्होंने जब इस मामले को उठाया तो राज्य सरकार ने सड़क बाहर से ले जाने की स्वीकृति प्रदान कर दिया। वह इस मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों से रेल विभाग भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने का आग्रह किया था। बाद में रेल मंत्री भारत सरकार से मिल कर वस्तुस्थिति से उन्हे अवगत भी कराया। रेल मंत्रालय ने भी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बाहर बाहर रेल लाइन बिछाने की मंजूरी दे दी है। इससे जंगल में जानवरों की संख्या स्वताः बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं हो सकता, तबियत से एक पत्थर तो उछालो यारो।

# चौकीदार के अभ्यर्थियों ने उपायुक्त से लगाई गुहार

## बीट क्षेत्र के अनुरूप शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल करने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पलामू चौकीदार बहाली के नियुक्ति मे अनियमिता की बात सामने आ रही है। विज्ञापन संख्या 01.2024 के आलोक में बहाली प्रक्रिया के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें विज्ञापन मे दर्शाया गया था कि अपने बीट क्षेत्र के अभ्यर्थी ही फॉर्म भर सकेंगे। जिसमें बीट क्षेत्र के गांव के नाम अंकित किए हुए थे। अन्यथा जो फार्म भरेंगे उनका फॉर्म रिजेक्ट कर दिया जाएगा। बीट क्षेत्र के अभ्यर्थियों ने आपत्ति जताई है कि बीट क्षेत्र से बाहर के अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरकर परीक्षा में उपस्थित हुए। बीट क्षेत्र के अंतर्गत आते हुए अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिए। परीक्षा में उत्तीर्ण नंबर से भी अधिक प्राप्त किया। फिर भी शारीरिक दक्षता परीक्षा में नही बुलाया गया है जो न्यायहित में नही है। ऐसे में सभी अभ्यर्थियों ने न्याय की गुहार



लगाई है तात्कालिक शारीरिक दक्षता परीक्षा पर रोक लगाई जाए और नियमपूर्वक बहाली प्रक्रिया कराई जाए। ताकि बीट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से लाभ मिल सके। अन्यथा बीट क्षेत्र के अभ्यर्थियों की बहाली नही लेनी थी तो विज्ञापन मे स्पष्ट रूप से निकालना चाहिए कि जिला स्तरीय बहाली होंगी। ताकि वैसे अभ्यर्थियों को भी लाभ मिल सके, जो बीट के अंतगर्त गाँव के नही आते। वैसे अभ्यर्थियों के साथ भी अन्याय किया गया है। ऐसे में सभी को मौका मिलना चाहिए। अन्यथा उग्र आंदोलन की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को बीट क्षेत्र के अनुरूप शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल नहीं किया गया है।

# विद्यालय से कंप्यूटर चोरी मामले का सीबीआई से हो जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** झारखंड जन क्रांति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार प्रजापति ने शुक्रवार को रपुरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय से कंप्यूटर चोरी मामले में उपायुक्त गढ़वा को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने दिए गए पत्र में उल्लेख किया है कि 28 अगस्त 24 के रात्रि में स्कूल से 11 कंप्यूटर और बैटरी सहित लगभग 11 लाख की लागत का अन्य उपकरण अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गया है। जिसका उद्भेदन स्थानीय प्रशासन अभी तक नहीं कर सकी है। उन्होंने उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर से उक्त मामले को गति देने एवं सीबीआई से जांच कराने की मांग किया है। दिए गए मांग पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि जिले के सभी स्कूल में सीसीटीवी कैमरा लगाने, जाए। रात्रि प्रहरी नियुक्त करने, चार दिवारी बनाने की मांग किया है। उन्होंने चोरो को अभिलंब पकड़कर कठोर सजा दिलाने की भी मांग शामिल है।


## झारखण्ड सरकार सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय

### निविदा सूचना

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार के विकास कार्यक्रमों एवं कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने हेतु कुल 43 वाहनों पर एल०इ०डी० के माध्यम से प्रचार–प्रसार कराने हेतु दर निर्धारण तथा एजेन्सियों के सूचीबद्धता के लिए निबंधित एवं अनुभवी फर्मों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित नियम तथा शर्तें विभागीय वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा www.jharkhandtenders.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा से संबंधित विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना निचे दी गई तालिका में अंकित है–

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1.1 | RFPReference No. | 1506 / 27-09-2024 |
| 1.2 | RFP issuing Authority | Director, Information & Public Relations Department Government of Jharkhand, Address:-Suchna Bhawan, Ranchi. |
| 1.3 | Name of the Project | कुल 43 वाहनों पर एल०इ०डी० के माध्यम से प्रचार–प्रसार कराने हेतु दर निर्धारण तथा एजेंसी को सुचिबद्ध करने हेतु |
| 1.4 | Date of Published of tender document | 28-09-2024; 12:00 Noon |
| 1.5 | Last date and time of submission of RFP document | 07-10-2024; 12:00 Noon |
| 1.6 | Pre Bid Meeting | - |
| 1.7 | Date of opening of Bids/RFP | 08-10-2024; 12:00 Noon |
| 1.8 | Mode of submission of Tender/RFP | Online atwww.jharkhandtenders.gov.in |
| 1.9 | EMD | The bidders are required to submit the EMD amounting Rs.2,00,000/- (Two Lakh Only) through Online Mode. |
| 1.10 | Address of communication | Information & Public Relations Department. Government of Jharkhand, Suchna Bhawan, Ranchi. Tel: 0651-2281522, 0651-2282458 E-mail: iprd123@gmail.com |

Sd/-
Director
Information & Public Relations Department

PR 337435 IPRD(24-25)D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 266

**सुविचार**
दुनिया में हर इंसान अलग है इसलिए जो जैसा है उसे वैसा ही स्वीकार करना सीखे!

# प्रभात मंत्र

शनिवार
28.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### दंपती को कनाडा भेजने का प्रयास, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली** : आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने पति पत्नी को कनाडा का फर्जी वीजा और अन्य डॉक्युमेंट बनाकर भेजने के मामले में एक और फरार एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान किरण दीप सिंह उर्फ सोनू बाजवा के रूप में हुई है। यह उप्र के पीलीभीत का रहने वाला है। एयरपोर्ट डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि इसी साल 18 जून को 67 साल की उम्र के यात्री रसविंदर सिंह आईजीआई एयरपोर्ट से कनाडा के लिए जाने के लिए पहुंचे थे। कागजात की जांच के दौरान उनके फर्जीवाड़े का पता चला।

### आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तीन साल पूरे, 67 करोड़ से अधिक बनाए गए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते

**नई दिल्ली** : आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तीन साल पूरे हो गए हैं। डिजिटल स्वास्थ्य को सक्षम करने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस मिशन में अब तक 67 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं। 42 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते से जोड़ा जा चुका है।शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि 1.3 लाख से अधिक सुविधाएं एबीडीएम सक्षम हैं, जिनमें 17,000 से अधिक निजी सुविधाएं शामिल हैं। 3.3 लाख स्वास्थ्य सुविधाओं और 4.7 लाख स्वास्थ्य पेशेवरों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा प्रदाता रजिस्ट्री में सफलतापूर्वक पंजीकृत किया गया है।

### सागर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव मप्र में 23 हजार 181 करोड़ रुपये के निवेश का मिला प्रस्ताव

**भोपाल** : मध्य प्रदेश सरकार को सागर में शुक्रवार को आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 23 हजार 181 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश में 27 हजार 375 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पर सृजित होंगे। बंसल ग्रुप ने चार सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, एक फाइव स्टार होटल और सोलर प्लांट लगाने के लिए 1350 करोड़ रुपये, मध्य भारत एग्रो कंपनी बंडा में 500 करोड़ रुपये, पैसिफ़िकिमेटा स्टील ने स्टील निर्माण के लिए 3200 करोड़, इको सीमेंट ने सीमेंट प्लांट के लिए 2000 करोड़ लगाने की बात कही है। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि भविष्य का बुन्देलखंड, विकसित बुन्देलखंड होगा। प्रदेश में उद्योगों के विकास का कार्य निरंतर जारी रहेगा। छोटे से छोटे उद्यमी की सहायता के लिए भी राज्य सरकार पूर्ण सहायोग देगी।

### बंदरों और जंगली सूअरों का आतंक : किसानों की फसलें बर्बाद, ग्रामीणों में रोष

**उत्तरकाशी** : उत्तरकाशी ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में बंदरों और जंगली सूअरों ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया है, जिससे ग्रामीण किसान बेहद परेशान हैं। इन दिनों चिन्यालीसौड़ प्रखंड के गमरी क्षेत्र में बंदरों के झुंड धान की तैयार फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं, जबकि रात के समय जंगली सूअर खेतों को रौंदकर फसलें नष्ट कर रहे हैं।

### सकारात्मक खबरों को बढ़ावा देने से ही समाज स्वस्थ और सुखी होगा : डॉ. मुरुगन

**सिरोही** : ब्रह्माकुमारी संस्थान के आबू रोड स्थित मुख्यालय शांतिवन के आनंद सरोवर परिसर में आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन और मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी ने किया। मीडिया विंग द्वारा स्वस्थ एवं सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण- मीडिया की भूमिकाँ विषय पर आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए देशभर से एक हजार से अधिक प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, रेडियो और बेव जर्नलिज्म से जुड़े पत्रकार, संपादक, ब्यूरो चीफ, रेडियो जॉकी, फ्रीलांसर पत्रकार और मीडिया प्रोफेसर पहुंचे हैं।शुभारंभ पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरुगन ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है। आज एक अच्छी न्यूज उतनी तेजी से वायरल नहीं होती है जितनी की एक गलत, फेक न्यूज़ वायरल हो जाती है। पत्रकार पहले खबरों की सत्यता की जांच कर लें उसके बाद ही प्रकाशित करें। अच्छी खबरों को बढ़ावा देने से ही स्वस्थ और सुखी समाज का निर्माण होगा। आज समाज में यदि नकारात्मक माहौल बन रहा है तो हमें चिंतन करने की जरूरत है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

## झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित 527 अभ्यर्थियों को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र

# हमारी सरकार ने बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज का दिन आपके और आपके परिवार के लिए जितना खुशी और उत्साह का है, उतना ही हमारे लिए भी है। आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं। इसे सिर्फ एक नौकरी ना समझे बल्कि आपको सामाजिक दायित्व निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप अपनी क्षमता और दक्षता का इस्तेमाल राज्य के विकास के पहिए को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शौर्य सभागार, जैप -1, डोरंडा, रांची में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में नव चयनित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**समारोह में इनकी रही उपस्थिति:** समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, बन्ना गुप्ता, हफीजुल हसन, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, प्रधान सचिव सुनील कुमार, प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन और माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता उपस्थित रहे।

### * अधिकारी हो या आदेशपाल, सभी को एक नजरिए से देखती है सरकार

**आपकी नियुक्ति से हमारी शक्ति बड़ी है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक समेत विभिन्न विभागों में अलग-अलग पदों पर कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला है। आपके जुड़ने से हमारी शक्ति में और इजाफा हुआ है। इससे निश्चित तौर पर सरकार के कार्यों में गति आएगी। मेरा मानना है कि व्यवस्था किसी एक व्यक्ति से नहीं चलती है। जब तक सभी विभाग के सहकर्मी मिलजुलकर विकास का पहिया नहीं खींचेंगे।




### नियुक्ति के साथ पदस्थापन में भी बढ़ती जा रही पूरी पारदर्शिता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अब तक कई नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सम्मिलित होने का मौका मिल चुका है। इस दौरान हजारों युवाओं को अब तक नियुक्ति पत्र प्रदान कर चुके हैं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि कई नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में अभ्यर्थियों के एक हाथ में जहां नियुक्ति पत्र था, वहीं दूसरे हाथ में पदस्थापन पत्र। इसमें सबसे बड़ी बात यह है उनका पदस्थापन लॉटरी के माध्यम से किया गया और सभी अभ्यर्थियों ने खुद अपने पदस्थापन की पर्ची निकाली। इस तरह नियुक्तियों के साथ-साथ पोस्टिंग में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।

## जैप-1

**डोरंडा में आयोजित समारोह में सीएम ने सभी को नियुक्ति पत्र दिया और भविष्य की शुभकामनाएं दी**

### झारखंड उत्पाद सिपाही परीक्षा की शारीरिक दक्षता परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों की मौत दुःखद

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के बाद पहली बार झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के तहत अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जा रही है। शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान कुछ नौजवानों की हुई मौत काफी दुःखद और चिंतनीय है। इसके वजहों को जानना बेहद जरूरी है। हमारी सरकार नौजवानों के मौत मामले में पूरे तह तक जाने का प्रयास कर रही है। इस बाबत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भी मदद के लिए पत्र भेजा गया है।

### राज्य गठन के 20 वर्षों तक ना तो नियुक्ति नियमावली बनी और ना ही नियुक्तियां हो सकी

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जब अलग राज्य बना तो कैडर विभाजन का मामला सामने आया। कई विभागों में वर्षों तक अधिकारियों और कर्मियों का कैडर विभाजन नहीं हो सका। ऐसी स्थिति में वर्षों तक टेंपरेरी व्यवस्था के तहत काम किसी तरह चलता रहा। कुछ पदों पर नियुक्तियां हुई तो उसे लेकर भी काफी उलझने आयीं। ऐसे में नियुक्तियों के नहीं होने का खामियाजा इस राज्य और यहां के नौजवानों को भुगतना पड़ा। हमारी सरकार जब बनी तो शुरुवाती 2 वर्षों तक कोरोना की वजह से सारी व्यवस्थाएं अव्यवस्थित हो गई। थी।इससे निजात पाने के बाद जब हमने विभागों की समीक्षा बैठक शुरू की तो पता चला कि बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों में पद रिक्त हैं। जब इसकी जानकारी प्राप्त की तो पता चला की विभिन्न विभागों के विभिन्न संवर्गों के लिए अबतक नियुक्ति नियमावली ही नहीं बनी है। ऐसे में हमारी सरकार ने तेज गति से सभी विभागों के सभी संवर्गों के लिए नियुक्ति नियमावली का गठन बहलियों का सिलसिला शुरू किया।

### रिकॉर्ड समय में जेपीएससी की परीक्षा प्रक्रिया पूरी हुई

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद जेपीएससी की परीक्षा बिना किसी विवाद के रिकॉर्ड समय मे पूरी हुई। आज बीडीओ-, सीओ, डीएसपी और अन्य अधिकारी राज्य को अपनी सेवा दे रहे हैं। इससे पहले जेपीएससी की एक परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने कई वर्ष लग जाते थे और हर परीक्षा को लेकर विवाद बना रहता था। लेकिन हमारी सरकार ने जिस निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित की, उसमें बड़ी संख्या में गरीब युवाओं ने अपनी मेहनत की बल पर कामयाबी हासिल की।

### गैर सरकारी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को नौकरी दिलाने का सफल प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है। आज देश और विदेश के कई बड़ी कंपनियों में ये नौजवान कार्य कर रहे हैं। वहां वे अपने हुनर और कार्य की बदौलत अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हमारी सरकार इन कंपनियों में कार्य कर रहे नौजवानों का पूरा ट्रैक रिकॉर्ड रख रही है।

### किन-किन विभागों के लिए मिला नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर झारखंड कर्मचारी आयोग की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में सफल और अनुशंसित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इनमें 120 पीजीटी और टीजीटी शिक्षक, 200 सहायक शिक्षक एवं 56 प्रयोगशाला सहायक के अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 47, पथ निर्माण विभाग में 25, जल संसाधन विभाग में 49, नगर विकास एवं आवास विभाग में 28, वित्त, वाणिज्य कर एवं खाद्य आपूर्ति विभाग में एक-एक और रिम्स में तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला।



### कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

**मैसुरु :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ जमीन घोटाले का केस दर्ज हुआ है. कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मंगलवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत के आदेश को बरकरार रखते हुए सिद्धारमैया की याचिका खारिज कर दी थी. जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा,याचिका में जिन बातों का जिक्र है, उसकी जांच जरूरी है. जमीन घोटाला केस में सीएम का परिवार शामिल है, इसलिए उनकी याचिका खारिज की जाती है. इसके बाद शुक्रवार को सिद्धारमैया के खिलाफ मैसुरु लोकायुक्त ने एफआईआर दर्ज की. लोकायुक्त एफआईआर की कॉपी भी कोर्ट में दाखिल करेंगे.दरअसल, कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 218 के तहत सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की परमिशन दी थी. राज्यपाल के आदेश को सीएम सिद्धारमैया ने 19 अगस्त को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. जिसे हाईकोर्ट ने मंगलवार को ही खारिज किया था.मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण के जमीन घोटाले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की गई है. एक्टिविस्ट टी. जे. अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा ने इस मामले में याचिका दायर की थी. उनका आरोप है कि सीएम सिद्धारमैया ने मुडा अधिकारियों के साथ मिलकर महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल किया.

## भगवान नहीं हैं पीएम नरेंद्र मोदी : केजरीवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला है. गुरुवार को दिल्ली विधानसभा में उन्होंने कहा,पीएम नरेंद्र मोदी बहुत ताकतवर हैं. उनके पास अथाह पैसा और संसाधन है पर वह भगवान नहीं हैं. हालांकि, अरविंद केजरीवाल दिल्ली विधानसभा में स्पीच के दौरान बोले कि इस दुनिया में कोई तो शक्ति है. कोई उसे भगवान कहता है या अल्लाह कहता है, जो कि आप वालों के साथ है. भाषण के दौरान आप संयोजक ने चुनौती देते हुए यह भी कहा,अगर बीजेपी के दो लोगों को जेल में डाल दो तो उनकी पार्टी टूट जाएगी.आप संयोजक ने भाषण में बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए.उन्होंने दावा किया कि बीजेपी का मुख्य एजेंडा उनकी सरकार को अस्थिर करना था. केजरीवाल ने कहा,अगर तुम्हारी पार्टी के दो लोगों को जेल में डाल दें, तो पार्टी न टूट जाए. हमारे नेताओं को जेल में डाला लेकिन हमारी पार्टी नहीं टूटी. उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली में कट्टर बीजेपी समर्थक भी यह नहीं कहते कि केजरीवाल बेईमान हैं.अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी चाहती थी कि उनके कार्य बाधित हों, लेकिन दिल्लीवासियों का विश्वास उन्हें नहीं टूटने देगा.उन्होंने बुजुर्गों की पेंशन और तीर्थ यात्राओं का जिक्र करते हुए कहा कि बुजुर्गों की पेंशन रोक दी गई है और तीर्थयात्राएं भी बंद कर दी गई हैं, लेकिन वे इन्हें फिर से शुरू करेंगे.अरविंद केजरीवाल ने यह भी कहा कि अब दिल्ली के ग्रामीण बच्चे बस मार्शल की नौकरी नहीं कर सकते, लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए कदम उठाए जाएंगे. केजरीवाल ने यह भी दावा किया कि दिल्ली की जनता पिछले 27 वर्षों से बीजेपी को वोट नहीं दे रही है, और बीजेपी उनके नाम का गलत इस्तेमाल कर जनता से वोट मांगना चाहती है. दिल्ली के पूर्व सीएम ने आरोप लगाया कि उनकी गैर-हाजिरी में भी सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई. उन्होंने कहा,जब मैं वोट मांगने आऊंगा,तो मैं यह कहूंगा कि केजरीवाल आ गया, तुम्हारी सड़कों की मरम्मत करेगा.

### मुख्य सचिव ने दुर्गापूजा के मद्देनजर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

## सभी जिलों के कंट्रोल रूम को 24 घंटे रखें सक्रिय : मुख्य सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्य सचिव एल खियांग्ते की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी प्रमंडल के आयुक्तों, सभी जिलों की उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने सभी को आगामी दुर्गा पूजा त्यौहार को आपसी भाईचारे एवं सद्भावना पूर्ण माहौल में मनाने के लिए आवश्यक कई दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि दुर्गा पूजा का यह त्यौहार आपसी समन्वय एवं भाईचारे के साथ संपन्न हो, इस संदर्भ में सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति समिति की बैठक थाना स्तर पर सुनिश्चित कर ली जाए। ताकि शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार संपन्न कराने में स्थानीय प्रबुद्ध जनों एवं गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखें। पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करें, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने में त्वरित कार्रवाई की जा सके।खियांग्ते ने सभी पूजा पंडालों में पूजा समितियां के माध्यम से सीसीटीवी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। उन्होंने सभी उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को सभी पूजा पंडालों एवं रूट लाइन का फिजिकल वेरिफिकेशन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में फायर टेंडर उपयुक्त स्थान पर उपलब्ध रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसे प्रयोग करने के लिए अग्निशमन विभाग के सहयोग से कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग किया जा सके।मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्त एवं पुलिस कप्तानों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स तैनात रहें, इसे पूजा समिति के आयोजकों के सहयोग से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी वॉलिंटियर्स उनके कार्य दायित्व के अनुसार कलर कोडिंग का प्रयोग करते हुए टी-शर्ट एवं कैप मुहैया कराएं ताकि उनकी स्पष्ट पहचान सुनिश्चित हो सके। ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में मुख्य सचिव ने सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया कहा कि आगामी त्यौहार को सभी श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त एवं दुरुस्त रखें। कम्युनिकेशन प्लान भी बेहतर बनाएं ताकि किसी भी तरह की आकस्मिकता से निपटा जा सके। मुख्य सचिव ने सभी जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि मूर्ति विसर्जन किये जाने के दौरान अधिक गहराई वाले तालाबों एवं नदियों में साईनेज लगाकर सावधान करें ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो। बैठक के दौरान डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रखने का आदेश दिया गया। बैठक में प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## देश में 24 फसलों पर एमएसपी देने वाला पहला राज्य हरियाणा : अमित शाह

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हरियाणा के मुलाना में जन आशीर्वाद रैली में कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में हरियाणा में केवल डीलर, दलाल और कांग्रेस के दामाद के लिए कार्य हुआ। अमित शाह ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार के राज में पर्ची और खर्ची से नौकरियां मिलती थी, लेकिन भाजपा ने लाखों युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां देने का काम किया है।भाजपा सरकार के शासन में केवल डाकिया घर पर आता है और नौकरी का नियुक्ति पत्र देकर चला जाता है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी केवल झूठ बोलने वाली एक मशीन है। कांग्रेस ने एमएसपी का मुद्दा उठाकर केवल जनता को भ्रमित करने का काम किया है, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने की घोषणा करके किसानों को सम्मान देने का काम किया है। कांग्रेस बाजरा नहीं खरीदती थी, धान की फसल 30 प्रतिशत, गेहूं की 50 प्रतिशत फसलों की खरीद होती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने बाजरे का एमएसपी 2 गुना किया, गेहूं पर 75 प्रतिशत की वृद्धि की गई और अगले सीजन में धान 3100 रुपये के मूल्य पर खरीदने का काम भाजपा सरकार करेगी। शाह ने किसानों से कहा कि राहुल गांधी के झूठ के बहकावे में न आयें।कहा कि राहुल गांधी को रबी और खरीफ की फसलों का अंतर भी नहीं पता है। हरियाणा एक मात्र ऐसा राज्य हैं जहां सभी 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जाता है।



## त्योहारी मौसम में रेलवे चलाएगी 6,000 स्पेशल ट्रेन

एजेंसी

**नई दिल्ली** : त्योहारों का मौसम नजदीक आता देख भारतीय रेलवे ने दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के मौके पर एक करोड़ से अधिक यात्रियों की सुविधा के लिए 6,000 विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में पत्रकारों को बताया कि त्योहारों के दौरान अत्यधिक भीड़ भाड़ को देखते हुए 108 ट्रेनों में अतिरिक्त सामान्य डिब्बा जोड़ने के अलावा 12,500 डिब्बे स्वीकृत किए गए हैं। विशेष तौर पर बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जाने वाले कई रेल मार्गों पर दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के त्योहार के दौरान भारी भीड़ रहती है।वैष्णव ने कहा कि इस साल के त्योहार के मौसम के लिए अब तक कुल 5,975 विशेष ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं, जबकि पिछले साल यह संख्या 4,429 थी। उन्होंने कहा, इससे पूजा के दौरान एक करोड़ से अधिक यात्रियों को घर जाने में सुविधा होगी।दुर्गा पूजा उत्सव नौ अक्टूबर से शुरू होगा, दिवाली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी जबकि छठ पूजा इस साल सात और आठ नवंबर को होगी।



# बर्मामाइंस लाल बाबा कैलाश नगर बस्ती को तोड़ने पहुंचे जिला प्रशासन, भारी विरोध पर लौटे वापस





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज पूर्व निर्धारित समय के अनुसार लाल बाबा कैलाश नगर बस्ती को तोड़ने के लिए पहुंचे टाटा प्रबंधन और जिला प्रशासन को भारी विरोध के कारण वापस लौटना पड़ा। इस दौरान स्थानीय लोगों और पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, अभय सिंह, दिनेश कुमार कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, भाजपा नेता शिव शंकर सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी समेत सैकड़ो की संख्या में स्थानीय निवासी और कारोबारी सड़कों पर उतर गए और बैनर लगाकर धरना प्रदर्शन किया। नेताओं का कहना था कि किसी भी सूरत में बस्ती को टूटने नहीं देंगे. वहीं जिला प्रशासन की टीम एसडीओ, पुलिस पदाधिकारी सभी बर्मामाइंस में एकत्रित हो गए थे. अवैध अतिक्रमण को तोड़ने की तैयारी में थे। जैसा बताया जाता है कि विभिन्न तरह के कारोबार करने वालों के 125 गोदाम है और लगभग 1000 घर बस्ती में बसे हैं, जिनको पोकलेन की मदद से तोड़े जाने की योजना थी. इस दौरान भाजपा के लोगों ने पूर्व सांसद डॉक्टर अजय का विरोध किया. उनके खिलाफ नारेबाजी भी की गयी. वहीं दूसरी और कांग्रेस के नेताओं ने और बस्तीवासियों ने स्थानीय सांसद बिद्युत बरण महतो और विधायक सरयू राय के विरोध में नारेबाजी की. इनका कहना था कि ना तो संसद का और ना ही विधायक का पता है केवल वोट की राजनीति करते हैं. सड़क पर भारी वाहनों को लगाकर रोड को जाम कर दिया गया था. वही जगह- जगह टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया गया।

## मौके पर से गायब रहे विधायक व सांसद : डॉ. अजय कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने हमला करते हुए कहा कि आज जब व्यापारियों को समर्थन की जरुरत थी, तब स्थानीय विधायक सरयू राय व सांसद विद्युत वरण महतो मौके से गायब रहे. मुझ पर आरोप लगाने वाले विधायक सरयू राय शहर में रहते हुए मौके पर नहीं पहुंचे, वहीं सांसद विद्युत वरण महतो अपनी राजनीति रोटी सेकने में व्यस्त रहे. मैंने जो कहा वो किया. जिला प्रशासन का डटकर सामना किया और उन्हें वापस लौटने पर मजबूर किया.

**हर समय व्यापारियों के साथ खड़ा रहूंगा, नहीं टुटने देंगे गोदाम एवं घर**

डा. अजय कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन को आज हम लोगों ने रोक लिया. लेकिन इसका स्थायी समाधान कानूनी तौर पर ही



निकालना होगा. इसके लिए हमें कानूनी लड़ाई लड़नी होगी. उन्होंने व्यापारियों से कहा कि कानूनी सहयोग भी हम करने के लिए तैयार है लेकिन लड़ाई आपको ही लड़नी होगी. कोर्ट में मजबूती से अपना पक्ष रखना होगा. मेरा सहयोग एव समर्थन हर मौके पर आपको मिलेगा.

**अधिकारियों से बातचीत कर पुलिस प्रशासन को वापस लौटाया**

दल बल के साथ लालबाबा फाउंड्री स्थित गोदाम को तोड़ने पहुंची जिला प्रशासन के पदाधिकारियों से डा. अजय कुमार भिड़ गए. उन्होंने व्यापारियों के तरफ से मौर्चा संभाल लिया, पदाधिकारियों से जब अजय कुमार ने सवाल पूछा तो अधिकारियों के पास उनके सवाल का कोई जवाब नहीं था. उन्होंने कहा कि गोदाम मालिकों को बिना नोटिस दिए और बिना उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था किए इतने लोगों को उजाड़ना कैसे संभव है. अंततः जिला प्रशासन को वापस लौटना पड़ा.

**अपनी गलती छुपाना के लिए बीजेपी ने किया विरोध**

बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध किए जाने पर डा. अजय ने कहा कि 25 वर्षो के शासन का पोल खुलने पर भाजपा बौखला गई है. इससे पूर्व शुक्रवार को लालबाबा फाउंड्री स्थित गोदाम को बचाने के लिए धरना स्थल पर व्यापारियों को संबोधित करने पहुंचे डा. अजय कुमार का भाजपाइयों ने विरोध करना शुरु कर दिया. इस अवसर डा. अजय ने कहा कि मेरा मकसद राजनीति करना नहीं बल्कि लोगों को सच्चाई से अवगत कराना है. उन्होंने कहा कि बीजेपी के पूर्व विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री (रघुवर दास) की गलत नीतियों के कारण आज यह स्थिति पैदा हुई. उन्होंने कहा कि जब रघुवर दास ने 86 बस्तियों को लीज से बाहर कराया था तब इस एरिया को लीज से बाहर क्यों नहीं करवाए. यदि लाल बाबा फाउंड्री का एरिया लीज से बाहर होता तो कानूनी लड़ाई में हमारा पक्ष मजबूत रहता.

## त्यौहारी सीजन से पहले सैमसंग के स्मार्टफोन्स पर विशेष ऑफर



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी एस, एम, और एफ सीरीज के चुनिंदा फ्लैगशिप स्मार्टफोन्स पर खास ऑफर्स की घोषणा की है। अब ग्राहक गैलेक्सी स्मार्टफोन्स को उनकी लॉन्चिंग के बाद अब तक की सबसे कम कीमतों पर खरीद सकते हैं। गैलेक्सी एस23 एफई, जिसकी मूल कीमत 54,999 रुपये थी, अब 27,999 रुपये में उपलब्ध होगा। इसी तरह, गैलेक्सी एस23, जिसकी कीमत 74,999 रुपये थी, अब 37,999 रुपये में मिलेगा। गैलेक्सी एस 23 एफई, गैलेक्सी एस23, गैलेक्सी एस23 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस24. और गैलेक्सी एम35 5जी पर ये ऑफर्स 26 सितंबर, 2024 से लागू हो गये हैं। वहीं, गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस24, गैलेक्सी एम05 और गैलेक्सी एफ05 पर ऑफर पहले से ही लाइव हैं। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, गैलेक्सी एस23 एफई, 30,000 रुपये से अधिक कीमत में सबसे ज्यादा बिकने वाला एंड्रॉइड स्मार्टफोन है।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में मारवाड़ी महिला मंच का कंज्यूमेक्स मेला शुरू



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा का कंज्यूमेक्स मेला 2024 (प्रदर्शनी सह बिक्री) बिष्टुपुर तुलसी भवन में शुक्रवार से शुभारंभ हुआ जो रविवार 29 सितम्बर तक चलेगा। तीन दिवसीय कंज्यूमेक्स मेला का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी और उनकी धर्मपत्नी प्रभा तिवारी ने किया। मौके पर अधिवक्ता अनिल तिवारी ने मारवाड़ी महिला मंच की तारीफ करते हुए कहा की महिलाओं की इतनी बड़ी इकाई इतने सशक्त रूप से कार्य कर रही है। यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष रानी अग्रवाल एवं सफल संचालन सचिव मीना अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रानी एवं सचिव मीना ने बताया कि मेला सुबह 11 से रात 09 बजे तक चलेगा। इस प्रदर्शनी मेला में 60 स्टॉल लगाये गये हैं, जिसमें दुर्गा पूजा एवं दीपावली से संबंधित सही दाम पर एक ही छत के नीचे अनेक समान लोगों को मिल रहे हैं। मेला में जमशेदपुर एवं रांची समेत कोलकाता, मुंबई, कानपुर, रायरंगपुर, राउरकेला, बनारस आदि शहरों से महिलाएं सटॉल लगाने के लिए आयी हैं। अंत में ललिता सरायवाला ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लता अग्रवाल, आगामी प्रांतीय अध्यक्ष प्रभा पड़िया, राष्ट्रीय अंचल प्रमुख बीना खीरवाल, सुशीला खीरवाल, सीमा अग्रवाल, सरस्वती अग्रवाल, कंचन खीरवाल मौजूद थे।

## बोड़ाम में वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत गागीबुरु गांव में शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। इस संबंध में स्थानीय पंसस प्रतिनिधि प्रबोध कुमार महतो ने बताया कि युवा किसान अजय सिंह (25) गांव में ही धान की खेती में खाद डालने का काम कर रहा था। इस दौरान बारिश शुरू होते ही जोरदार आवाज के साथ वज्रपात होने की वजह से वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। 108 एम्बुलेंस पर कॉल करने के बाद लोवाडीह गांव तक निजी वाहन से लाया गया उसके बाद एम्बुलेंस से एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू व पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो ने इलाज हेतु पहल की। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शीतगृह में रखवा दिया है और कल उसका पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

## भोया फोर चौक पर विधायक दशरथ गागराई ने लगाया स्ट्रीट लाइट



**खरसावा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधानसभा क्षेत्र के खुंटपानी प्रखंड अंतर्गत भोया गांव के भोया फोर चौक में विधायक दशरथ गागराई के विधायक निधि से स्ट्रीट लाइट लगाया गया। जिसका गुरुवार की रात विधायक दशरथ गागराई विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाडिया 20 सुत्री अध्यक्ष राहुल गोप ने स्विच ऑन कर शुभारंभ किया गया। स्ट्रीट लाइट का स्विच ऑन होते ही पूरा गांव के अलावे आसपास जगह में। दूधिया रोशनी से जगमगा गया। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाडिया 20 सुत्री अध्यक्ष राहुल गोप डंबु तियु आदि उपस्थित थे।

## ईचागढ़ के टूईलूँग फुटबॉल मैदान में सामाजिक व राजनीतिक परिवर्तन जनसभा 29 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सामाजिक व राजनीतिक परिवर्तन के लिए 29 सितंबर को ईचागढ़ विधानसभा में एक जनसभा का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता बाबू राम सोरेन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बतया। पत्रकार सम्मेलन में पत्रकार से बात करते हुए बताया की सामाजिक और राजनैतिक परिवर्तन हम लोग करना चाहते है और इसमें एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है जो आगामी 29सितम्बर



कों ईचागढ़ बिधानसभा के टूईलूँग फुटबॉल मैदान में आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में ईचागढ़ विधानसभा के लोग शामिल होंगे ।उन्होंने कहा की बिहार विधानसभा से लेकर झारखंड विधानसभा तक का सफर में आज तक ना ही समाज का कल्याण हुआ,और न ही विधानसभा के जनता का कल्याण हुआ। इसलिए आज हम परिवर्तन करना चाहते हैं। मौके पर बाबलू टुडू, मांझी बाबा, इन्द्र टुडू, बद्रीनाथ मार्डी,बुधुराम हेमब्रम,सुखराम मार्डी आदि उपस्थित थे।

## करीम सिटी कॉलेज में सतरंग के दूसरे दिन गीत-संगीत की रही धूम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर की साहित्यिक संस्था स्पार्क के तत्वाधान में सतरंग-14 के दूसरे दिन सुर-संगत और बैटल सिम्फनी का आयोजन हुआ। जिसमें कॉलेज के 42 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आज के इस प्रतियोगी कार्यक्रम सुर-संगत में शास्त्रीय संगीत, अर्ध शास्त्रीय संगीत, लोक एकल, सूफी एकल तथा गजल शामिल थे। सुर संगत के निर्णायक सीता सिंह (पूर्व म्यूजिक टीचर टाटा स्टील) और शंकर नाथ झा (प्रसिद्ध संगीतकार) थे। वहीं बैटल सिम्फनी में बॉलीवुड सोलो, बॉलीवुड डुएट, रैप सोलो और वेस्टर्न सोलो को शामिल किया गया था। बॉलीवुड सोलो और बॉलीवुड डुएट के निर्णायक सुरेंद्र




कुमार शर्मा (संगीत समाज म्यूजिक कॉलेज, जमशेदपुर), स्वीटी मुखर्जी (विद्या भारती चिन्मया विद्यालय टेल्को) जबकि रैप सोलो और वेस्टर्न सोलो की निर्णायक जशामा अफरोज थीं। कार्यक्रम का संचालन शिउली पलित तथा इशा दास ने किया।

## रामकृष्णा फोर्जिंग्स,प्लांट तीन व चार में कर्मचारियों को मिलेगा 18.10 प्रतिशत बोनस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फॉर्जिंग्स लिमिटेड के प्लांट तीन व चार में प्रबंधन व कर्मचारी यूनियन के के बीच हुई वार्ता में इस वर्ष सभी कर्मचारियों को 18.10 प्रतिशत बोनस देने पर सहमति बनी। सम्पन्न हुए समझौते के अनुसार, इस वर्ष सभी स्थायी कामगारों को अधिकतम बोनस की राशि के रूप में 69,616 रुपए तथा न्यूनतम बोनस राशि 12,976 रुपए मिलेगा। बताया गया है कि आगामी 07 अक्टूबर को सभी कर्मचारियों के बैंक खाता में उनकी बोनस की राशि भेज दी जाएगी। समझौता पत्र पर प्रबंधन की ओर से सीओओ एसपी सेनापति, सीएचआरओ भूपेंद्र कुमार लोधी व वरीय प्रशासनिक प्रबंधक सुशील कुमार सिंह तथा यूनियन की ओर से अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, महामंत्री मिंटू कुमार, उपाध्यक्ष सुवेन्दु कुइला, कोषाध्यक्ष देवाशीष बोस, सहायक मंत्री किशन कुमार चंदेल, शशांक षाड़ंगी व उमेश कुमार वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मंजीत सिंह, ज्योति स्वरूप सिन्हा, अजय प्रसाद, कार्तिक हांसदा, ललित यादव और अनूप किरो आदि ने हस्ताक्षर किए।

## रामभक्तों ने करंट लगने से मृत वानर का किया अंतिम संस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के सुप्रसिद्ध रंकनी मंदिर में शुक्रवार को राजनगर प्रखंड क्षेत्र के समाजसेवी पूजा अर्चना करने पहुँचे। वहीं पूजा अर्चना के बाद जैसे ही वापस जाने को तैयार हुए। इस बीच एक वानर मंदिर के समीप बिजली के करंट लगने से जमीन पर गिर गया। जमीन पर गिरे वानर को देखते साथ ही राजनगर क्षेत्र के समाजसेवीयों ने त्वरित वानर को बचाने का पूरा प्रयास किया। लेकिन इतने में वानर ने दम तोड़ दिया। जिसे राजनगर के समाजसेवियों व रामभक्तों ने हिन्दू रीति रिवाज अनुसार वानर का अंतिम संस्कार किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राजनगर प्रखंड के विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष सुजीत राऊत,भाजपा नेता सह समाजसेवी गोबिंदा पति,अजय कुमार मंडल,बृहस्पति मंडल,संदीप दास, पूर्णचंद्र मंडल, अनिल पति, नेपाल कैवर्त, गोबिंदा दास, दुखु साहू, महावीर महाकुड़, भूकलु महाकुड़, रासविहारी मंडल, रविकांत गोप आदि मौजूद थे।

## शोध के उद्देश्य और परिकल्पना के बीच तारतम्यता जरूरी : डॉ. सरोज



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इग्नू देवघर के क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. सरोज कुमार मिश्र ने आज सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला में पी एच.डी शोधार्थियों के लिए शोध प्रविधियों से सम्बंधित विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने रिसर्च स्कॉलरों को रिसर्च के बारे में बताते हुए कहा कि शोध की शुरुआत शोध समस्या के चयन से होती है। उन्होंने शोध साहित्य समीक्षा लिखने के स्रोत की भी जानकारी दी। डॉ. सरोज ने कहा कि शोध के उद्देश्य और परिकल्पना के बीच तारतम्यता होगी तभी सही निष्कर्ष आएगा तथा शोध कार्य विश्वसनीय और वैध हो सकेगा। इन्होने रिसर्च मेथोडोलोजी, डाटा कलेक्शन और उसके विश्लेषण के बारे भी ध्यान रखने योग्य तकनिकी जानकारी दी। इस लेक्चर में विश्वविद्यालय के रिसर्च स्कॉलर बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संयोजन अनुसुआ रॉय द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह, कुलपति डॉ. जे.पी मिश्रा, कुलसचिव प्रो. डॉ. गुलाब सिंह आज़ाद, डॉ. नीलमणि कुमार,सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान विभाग, अनुसुआ रॉय, समन्वयक, पी एच.डी सेल, सहायक प्राध्यापक अर्चना सिंह, मोनिका सिंह, पूजा तिवारी, राहुल कुमार शॉ, किशोर कुमार, माधवी बेहरा समेत बड़ी संख्या में रिसर्च स्कॉलर उपस्थित थे।

### चांडिल नीमडीह में मंईया सम्मान यात्रा में एक मंच पर दिखी महिला ताकत

## हेमंत सरकार ने बहन बेटियों को दिया उनका हक, अधिकार व सम्मान : कल्पना सोरेन





**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**चांडिल :** सरायकेला जिला के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नीमडीह व चांडिल में मंईया सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी और विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री दीपिका पांडेय और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी विधायक कल्पना सोरेन शामिल हुई. इस दौरान कार्यक्रम में हजारों महिलाएं भारी बारिश के बावजूद कल्पना सोरेन को सुनने के लिए कार्यक्रम में डटे रहे। वही नीमडीह व चांडिल में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड की 50 वर्ष तक की महिलाओं को हेमंत सरकार प्रति माह 1000 रुपये और सालाना 12000 रुपये दे रही है. यह झारखंड सरकार की एक कल्याणकारी योजना है। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन की सोच है कि झारखंड की बहन बेटियों के चेहरे पर मुस्कान आये। मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि झारखण्ड की गठबंधन सरकार राज्य का विकास तेजी से कर रही है। मंईया सम्मान योजना से लेकर सरकार आपके द्वार जैसी योजना जनहित में चल रही है. साथ ही सरकार किसानों का कर्ज माफ़ भी कर रही है. मौके पर ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने कहा कि भाजपा और आजसू मंईया सम्मान योजना को बंद कराना चाहते हैं।

## कल्पना सोरेन के स्वागत में उमड़ा जन सैलाब, एक झलक पाने को आतुर दिखी महिलाएं

**- रोड शो करते हुए कल्पना ने महिलाओं से पूछा, मंईया योजना की राशि खाते में आ रही है ना**

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत प्रस्तावित रोड शो में शामिल होने कांड्रा मोड़ पहुंचे मंत्री रामदास सोरेन, बेबी देवी और विधायक कल्पना सोरेन के स्वागत में जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान झामुमो केंद्रीय सदस्य कृष्णा बास्के, जिलाध्यक्ष शुभेंदु महतो, उपाध्यक्ष अमृत महतो, प्रखंड अध्यक्ष जगदीश महतो के नेतृत्व में पहुंची हजारों महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर व पुष्प वृष्टि कर उनका जोरदार अभिनंदन किया। कांड्रा मोड पहुंचते ही विधायक कल्पना सोरेन अपने कार के छत पर जा बैठी जिसे देख लोगों का उत्साह दोगुना हो गया। रोड शो करते हुए कल्पना सोरेन ने महिलाओं से संवाद भी किया। कल्पना सोरेन की एक झलक पाने को जन सैलाब में उपस्थित महिलाएं आतुर दिखी। इस दौरान महिलाओं ने पत्ते से बने झारखंडी टोपी और माला कल्पना सोरेन



को भेंट किया। अपने वाहन के छत पर बैठकर कल्पना ने लोगों का अभिवादन करते हुए पूछा कि मंईया सम्मान योजना की राशि उनके खाते में आ रही है ना। हेमंत दादा को जीताएँगे ना। इस मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि मंईया सम्मान योजना का यह जनसैलाब संकेत दे रहा है कि राज्य की महिलाओं का सरकार ने सम्मान किया है। जन समर्थन हेमंत सोरेन और गठबंधन को मिल रहा है।

संपादकीय

## बुलडोजर नहीं चलेगा

**हालांकि** यह कानून की स्थिति है, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका उल्लंघन हो रहा है। हम अवैध निर्माण या अतिक्रमण को संरक्षण देने के पक्ष में नहीं हैं। कोई व्यक्ति, किसी भी केस में, आरोपित है अथवा सजायाफ्ता भी हो सकता है, किसी का बेटा अडियल या अपराधी हो सकता है, लेकिन किसी भी सूरत में बुलडोजर चला कर उसका घर नहीं गिराया जा सकता। यह लोकतांत्रिक नहीं, मध्यकालीन, कबिलाई इंसाफ है। घर किसी के भी मानवाधिकार से जुड़ा है। यह मौलिक अधिकार भी है। आप 'न्याय' के नाम पर किसी का आशियाना नहीं छीन सकते। घर में आरोपी या अपराधी के अतिरिक्त और भी परिजन रहते हैं। वे अचानक सडक़ पर क्यों आएं? उन्होंने तो कोई अपराध नहीं किया। यह अपराध और दंड की किसी भी परिभाषा में नहीं है कि अपराधी के साथ-साथ उसके घरवाले भी सजा भुगतें। यदि निर्माण अवैध है, तो कानूनन कार्रवाई की जानी चाहिए। घर का ध्वस्त करना बिल्कुल भी कानूनन कार्रवाई नहीं है। अब समय आ गया है कि बुलडोजर एक्शन के मद्देनजर दिशा-निर्देश तय किए जाएं, जो देश भर में प्रभावी और लागू हों।'' सर्वोच्च अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विश्वनाथन ने 'बुलडोजर न्याय' पर सुनवाई के दौरान जो महत्वपूर्ण टिप्पणियां की हैं, यह उनका ही सारांश है। न्यायाधीश प्रथमद्रष्ट्या बुलडोजर चला कर घर, मकान, संपत्तियां ढहा देने की सरकारी कार्रवाई को 'कानूनसम्मत' नहीं मानते। यह शुरुआती फैसले की बुनियादी सोच है और इसके जरिए शीर्ष अदालत ने 'बुलडोजर न्याय' पर हथौड़ा मारा है। अदालत में सुनवाई जारी है और आगामी तारीख 17 सितंबर है। न्यायिक पीठ ने सभी पक्षों के सुझाव मांगे हैं, ताकि अखिल भारतीय दिशा-निर्देश तय किए जा सकें। दरअसल भारत में 'बुलडोजर कार्रवाई' की शुरुआत उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। 2017 में सत्ता में आने के बाद उन्होंने बुलडोजर को कानून-व्यवस्था के साथ जोड़ दिया, ताकि अपराधी और माफिया खौफ खा सकें। योगी ने कुछ कुख्यात माफियाजनों के घरों, मकानों, संपत्तियों पर बुलडोजर चलवा कर उन्हें 'मलबा' बना दिया। यह कार्रवाई करते हुए एक 'विशेष समुदाय' को ज्यादातर निशाना बनाया गया, लिहाजा 'जमीयत उलेमा-ए हिंद' ने सर्वोच्च अदालत में याचिका देकर इसी बिंदु पर जोर दिया कि अधिकतर मुसलमानों को निशाना बनाया गया है और यह 'विध्वंसकारी प्रक्रिया' अब भी जारी है। 'बुलडोजर न्याय' का मप्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 2018 में, राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने और महाराष्ट्र की 'महाविकास अघाड़ी' की उद्धव ठाकरे सरकार ने इस्तेमाल किया। उप्र के अलावा गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, असम और मप्र की भाजपा शासित सरकारें भी खूब बुलडोजर चलवा रही हैं। आश्चर्य है कि भारत सरकार को इन कवायदों में कुछ भी 'अमानवीय' नहीं लगा और न ही कोई निर्देश दिए गए कि ऐसा करना गैर-कानूनी है। 2020 और 2022 के बीच 12,640 कथित अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलवाए गए हैं। अब तो यह आंकड़ा और भी बहुत बढ़ गया होगा। दिल्ली में जूस की एक दुकान से लेकर राजस्थान के टेम्पो ड्राइवर तक और मप्र में बोझ लादने या उतारने वाले मजदूर तक के संदर्भ में बुलडोजर चले हैं और संपत्तियां ढहाई गई हैं। बीते अगस्त में ही राजस्थान के उदयपुर में दो बच्चों की चाकूबाजी हो गई। उसमें 10वीं में पढने वाले आरोपित बच्चे के घर पर बुलडोजर चलवा दिया गया। सरकार की अनदेखी देखिए कि वह घर किराए का था। उज्जैन और इंदौर में भी दो मामले सामने आए हैं, जिनमें बुलडोजर चलाए गए, लेकिन अदालत ने उन्हें बेकसूर माना। सवाल है कि इस तरह आंख मूंद कर और विवेक को दफन कर सरकारें बुलडोजर चलवाती रहेंगी, तो बेकसूर होने की स्थिति में क्या मुआवजा देना पड़ेगा? क्या अदालतें मुआवजे के लिए सरकारों को बाध्य करेंगी? 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' के अलावा पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वामपंथी नेता वृंदा करात और कुछ अन्य संस्थाओं ने भी सर्वोच्च अदालत में याचिकाएं दी हैं। उन सबकी एक साथ सुनवाई हो रही है।

हम अवैध निर्माण या अतिक्रमण को संरक्षण देने के पक्ष में नहीं हैं। कोई व्यक्ति, किसी भी केस में, आरोपित है अथवा सजायाफ्ता भी हो सकता है, किसी का बेटा अडियल या अपराधी हो सकता है, लेकिन किसी भी सूरत में बुलडोजर चला कर उसका घर नहीं गिराया जा सकता। यह लोकतांत्रिक नहीं, मध्यकालीन, कबिलाई इंसाफ है। घर किसी के भी मानवाधिकार से जुड़ा है। यह मौलिक अधिकार भी है। आप 'न्याय' के नाम पर किसी का आशियाना नहीं छीन सकते। घर में आरोपी या अपराधी के अतिरिक्त और भी परिजन रहते हैं। वे अचानक सडक़ पर क्यों आएं? उन्होंने तो कोई अपराध नहीं किया। यह अपराध और दंड की किसी भी परिभाषा में नहीं है कि अपराधी के साथ-साथ उसके घरवाले भी सजा भुगतें। यदि निर्माण अवैध है, तो कानूनन कार्रवाई की जानी चाहिए। घर का ध्वस्त करना बिल्कुल भी कानूनन कार्रवाई नहीं है।

महिलाओं ने आगे बढ़कर हिस्सा लिया और अपने ज्ञान और संघर्ष से भारत को आलोकित किया, वे तीनों बंगाल की बेटियां थी

# महिला विरोधी अपराध के दलदल में भद्रलोक

उमेश चतुर्वेदी

शरद ऋतु के स्वागत के साथ बंगाल की धरती दुर्गा के स्वागत में हर साल विभोर होती रही है। बंगाल में महिलाओं का सम्मान की कैसी परंपरा है, इसे समझने के लिए दुर्गा पूजा के विधान को समझना चाहिए। जहां मूर्ति बनाने के लिए उन वेश्याओं के घर से पहली मिट्टी लाई जाती है, जिन्हें आम तौर पर समाज त्याज्य और गंदा मानता है। बंगाल की धरती कैसी नारी पूजक रही है, किस तरह वह नारियों का सम्मान करती रही है, इसके उदाहरण आजादी के आंदोलन के इतिहास में जैसे मिलते हैं, अन्य राज्यों में कम।

**बंकिम** चंद्र की शस्य श्यामला माटी वाला पश्चिम बंगाल शक्ति पूजक समाज है। शरद ऋतु के स्वागत के साथ बंगाल की धरती दुर्गा के स्वागत में हर साल विभोर होती रही है। बंगाल में महिलाओं का सम्मान की कैसी परंपरा है, इसे समझने के लिए दुर्गा पूजा के विधान को समझना चाहिए। जहां मूर्ति बनाने के लिए उन वेश्याओं के घर से पहली मिट्टी लाई जाती है, जिन्हें आम तौर पर समाज त्याज्य और गंदा मानता है। बंगाल की धरती कैसी नारी पूजक रही है, किस तरह वह नारियों का सम्मान करती रही है, इसके उदाहरण आजादी के आंदोलन के इतिहास में जैसे मिलते हैं, अन्य राज्यों में कम। स्वाधीनता संग्राम में जिन तीन महिलाओं ने आगे बढ़कर हिस्सा लिया और अपने ज्ञान और संघर्ष से भारत को आलोकित किया, वे तीनों बंगाल की बेटियां थी। पहली थीं अरूणा गांगुली, जो बाद में अरूणा आसफ अली बनीं, दूसरी थीं सुचेता मजूमदार जो बाद में सुचेता कृपलानी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। तीसरीं थीं सरोजिनी चट्टोपाध्याय जो बाद में भारत कोकिला सरोजिनी नायडू बनीं। बंगाल की माटी नारी की कितना सम्मान करती रही है, उसका एक और उदाहरण कमला देवी चट्टोपाध्याय भी रहीं। जब भारत के अन्य इलाकों की महिलाएं घूंघट के पीछे सिर्फ परिवार के कोल्हू में पिस रहीं थीं, तब बंगाल ने अपनी बेटियों को वाजिब सम्मान दिया और उन्हें आगे बढ़ाया। उस बंगाल में कभी महिलाओं के साथ बदसलूकी की कल्पना तक नहीं की जाती थी। वहां अब हालात कैसे बदल गए हैं, इसका अंदाजा लगाने के लिए राधागोविंद कर अस्पताल में हुई घटना को उदाहरण के रूप में लिया जा सकता है।

समूचा देश अपनी आजादी की 77 वीं सालगिरह के जश्न में थककर पंद्रह अगस्त की रात जब मीठी नींद के आगोश में था, भद्रलोक की राजधानी कोलकाता के राधा गोविंद कर यानी आरजी कर अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर की बर्बरता पूर्वक रेप के बाद हत्या कर दी गई। बंगाल में देर रात तक दफ्तर से लौटने वाली लड़कियों की कभी घरवाले चिंता तक नहीं करते थे, अब वे परेशान हो उठे हैं। बंगाल के लोग अपनी बच्चियों के लिए चिंतित हो उठे हैं। बंगाल की धरती पर शायद यह पहली ऐसी घटना है, जिसमें किसी महिला के साथ ऐसी बर्बरता की गई है। इससे शक्तिपूजक बंगाली समाज का क्रोध




और क्षोभ से भरना स्वाभाविक है। दिलचस्प यह है कि पश्चिम बंगाल इकलौता ऐसा राज्य है, जिसे महिला मुख्यमंत्री का गौरव हासिल है। महिला के राज में किसी महिला के साथ ऐसा दुराचार लोगों के गले आसानी से नहीं उतर रहा। इसलिए बंगाल इन दिनों खौल रहा है। बंगाल के चुनिंदा बुद्धिजीवियों को छोड़ दें तो समूचा बौद्धिक समाज सड़कों पर उतर आया है। जो चुप हैं या व्यवस्था की तरफदारी कर रहे हैं, वे सत्ताधारी पार्टी के साथ हैं, सांसद या किसी अन्य पद पर हैं।

अभी बहुत दिन नहीं हुआ, जब पश्चिम बंगाल के संदेशखाली से भी महिलाओं से बलात्कार की खबरें सामने आईं थीं। वहां की घटना की जब परतें खुलने लगीं तो पता चला कि रेप की घटनाएं अपराध और राजनीति के नापाक गठजोड़ का नतीजा हैं। संदेशखाली को लेकर बंगाली समाज में उबाल तो आया, लेकिन वैसा नहीं, जैसा आरजी कर अस्पताल की दुराचार के बाद दिख रहा है। शायद संदेशखाली की पीड़िताएं ग्रामीण इलाकों की हैं, जबकि आरजी कर की घटना उस कोलकाता शहर की है, जिसे भद्रलोक समाज के लिए जाना जाता है।

पश्चिम बंगाल की कड़वी सच्चाई बांग्लादेश से हो रही अवैध घुसपैठ। अवैध घुसपैठियों के समर्थन में बीजेपी छोड़ तकरीबन समूचा बंगाली राजनीति है। 34 साल के वामपंथी शासन के दौरान इस घुसपैठ को वैधता मिली। वामपंथी शासन व्यवस्था के दौरान पार्टी कैडर के नाम पर बड़ा झुंड उभरा। सरकार पर संगठन का नियंत्रण होना चाहिए, लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसे स्वीकार किया जा सकता है। लेकिन संगठन की ओर से समानांतर व्यवस्था चलाना और शासन में हर स्तर पर हस्तक्षेप शासन की निष्पक्षता को तो खत्म करता ही है, शासन को पंगु भी बना देता है। प्रांत से लेकर ब्लॉक स्तर तक स्थापित वामपंथी व्यवस्था ने ऊपर से नीचे तक प्रशासन को अपना गुलाम बनाने में कामयाब रहा। प्रशासन और समानांतर पार्टी व्यवस्था ने मिलकर अपराध और राजनीति का मजबूत गठजोड़ बनाया। इस गठजोड़ में पैसा था, पॉवर था, ताकत थी। नीचे से मिले पैसे उपर तक पहुंचते रहे। जनता ठगी जाती रही है। पश्चिम बंगाल का समाज उस संस्थानिक व्यवस्था से इतना परेशान था कि संघर्षशील ममता बनर्जी में नई उम्मीद दिखी। बंगाली समाज को लगा कि संघर्षशील ममता नई बयार बनकर पश्चिम बंगाल की व्यवस्था में जमी काई को साफ कर देगी। उन्हें उम्मीद थी कि ममता अपने राजनीतिक औजारों से बंगाल की व्यस्था में जमे नासूर को साफ कर देंगी। लेकिन अफसोस ऐसा नहीं हुआ। ममता भी उसी कदम पर चल पड़ी। निचले स्तर पर जो वामपंथी कैडर था, वह ममता का कार्यकर्ता बन गया। अवैध घुसपैठ बनती रही। घुसपैठियों या पूर्वी बंगाल के लोगों को पश्चिम बंगाल को लोग बांगाल बोलते हैं। कहने का मतलब यह है कि बांगाल के हवाले होती रही राजनीति और सीमा के पार तक के अल्पसंख्यक तुष्टिकरण से प्रशासन लगातार या तो पंगु होता गया या फिर सत्ताधारी तंत्र का चारण बनता गया। प्रशासन का यह चारण रूप 16 अगस्त को भी दिखा, जब आरजी कर की पीड़िता की रिपोर्ट साढ़े ग्यारह बजे रात को दर्ज की गई, जबकि उसके साथ बलात्कार और उसका मर्डर पंद्रह अगस्त की रात को दो से ढाई बजे के बीच हो चुका था। इसे सुप्रीम कोर्ट ने भी नोटिस किया और कोलकाता पुलिस को डांट भी पिलाई। सुप्रीम कोर्ट जजों ने तो यहां तक कहा कि अपने तीस साल में ऐसा कभी होते नहीं देखा।

पश्चिम बंगाल में ही हो सकता है कि भ्रष्टाचार के आरोप में पुलिस अधिकारी के घर केंद्रीय एजेंसी छापा मारने पहुंचे तो मुख्यमंत्री खुद दल बल अपने भ्रष्ट अधिकारी के पक्ष में धरना देने पहुंच जाएं। कुछ इसी अंदाज में ममता की अगुआई में कोलकाता में बलात्कार और कत्ल की घटना के विरोध में धरना दिया गया। कह सकते हैं कि यह सरकार के खिलाफ सरकार का धरना था। ऐसा दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक समाज में कम से कम अब तक तो नहीं ही देखा गया है।

दृष्टि कोण

## ग्राम्य आर्थिकी में कृषि पर्यटन की भूमिका

**कृषि** पर्यटन, कृषि और पर्यटन का एक संलयन, पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने, ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को चलाने और गांवों से शहरी केंद्रों में प्रवास की प्रवृत्ति को उलटने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है। ग्राम केंद्रित, किसान केंद्रित आर्थिक नीतियों का निर्माण करके, हम स्थायी कृषि प्रथाओं को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण आजीविका बढ़ाने और ग्रामीण जीवन के लिए नए सिरे से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कृषि पर्यटन का लाभ उठा सकते हैं। किसानों के लिए आय के अतिरिक्त स्रोत प्रदान करके, कृषि पर्यटन खेती को अधिक आकर्षक और व्यवहार्य आजीविका विकल्प बना सकते हैं। यह युवा पीढियों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो बेहतर अवसरों की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों को छोडऩे पर विचार कर सकते हैं। यह प्रदर्शित करके कि खेती लाभदायक और पूर्ण दोनों हो सकती है, कृषि पर्यटन ग्रामीण समुदायों में युवाओं को बनाए रखने में मदद कर सकता है और उन्हें खेती को करियर के रूप में लेने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी केंद्रों में प्रवास कई क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है, जिससे गांवों की आबादी कम हो रही है और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में गिरावट आई है। ग्राम केंद्रित और किसान केंद्रित आर्थिक नीतियों द्वारा समर्थित कृषि पर्यटन, ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी आजीविका बनाकर इस प्रवृत्ति को उलटने में मदद कर सकता है। विकेंद्रीकरण, तकनीकी हस्तक्षेप और भंडारण सुविधाओं व प्रसंस्करण इकाइयों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से, कृषि पर्यटन प्रवासन प्रवृत्तियों को उलटने और आत्मनिर्भर ग्रामीण समुदायों के निर्माण के लिए कृषि पर्यटन उत्प्रेरक के रूप में काम कर सकता है। यह उन प्रथाओं को प्रोत्साहित करके पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देता है जो संसाधनों का संरक्षण करते हैं, पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करते हैं और कृषि के कार्बन पदचिह्न को कम करते हैं। यह उपभोक्ताओं और उनके भोजन के स्रोतों के बीच गहरे संबंध को भी बढ़ावा देता है जिससे स्थायी कृषि प्रथाओं के बारे में अधिक जागरूकता होती है। कृषि पर्यटन किसानों को स्थायी कृषि विधियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करता है जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि आर्थिक रूप से व्यवहार्य भी हैं। कृषि पर्यटन के पर्यटक/आगंतुक अक्सर प्रामाणिक, पर्यावरण के अनुकूल अनुभव चाहते हैं, जो किसानों को जैविक खेती, फसल रोटेशन जैसी प्रथाओं को लागू करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ये विधियां मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने, पानी के संरक्षण और हानिकारक रसायनों के उपयोग को कम करने में मदद करती हैं, जिससे दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान होता है। कृषि पर्यटन के माध्यम से किसान प्रकृति आधारित अनुभवों जैसे पक्षी देखने, वन्यजीव पर्यटन और पर्यावरण के अनुकूल आवास प्रदान करके अपनी आय में आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकते हैं। ये गतिविधियां प्राकृतिक आवासों और जैव विविधता के संरक्षण को प्रोत्साहित करती हैं। अपनी भूमि पर जंगलों, आद्र्रभूमि और अन्य प्राकृतिक क्षेत्रों की रक्षा करके, किसान ग्रामीण परिदृश्य की सुंदरता और शांति का अनुभव करने में रुचि रखने वाले पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं। यह बदले में, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन की संस्कृति को बढ़ावा देता है। कृषि पर्यटन स्थानीय खपत को बढ़ावा देकर और भोजन की लंबी दूरी के परिवहन की आवश्यकता को कम करके कृषि के कार्बन पदचिह्न को कम करने में मदद कर सकता है। जब पर्यटक खेतों में जाते हैं और ताजा, स्थानीय रूप से उत्पादित भोजन खरीदते हैं, तो यह लंबी दूरी पर ले जाने वाले भोजन की मांग को कम करता है जिससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम हो जाता है। इसके अतिरिक्त कृषि पर्यटन खेतों पर सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा दे सकता है, जिससे कृषि गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव को और कम किया जा सकता है। ग्रामीण जीवन और कृषि के प्रति शहरी-केंद्रित दृष्टिकोण को बदलने में कृषि पर्यटन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह शहरी क्षेत्रों के लोगों को खेती की वास्तविकताओं का अनुभव करने, किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने और टिकाऊ कृषि के महत्व की सराहना करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। कृषि पर्यटन के सबसे महत्वपूर्ण लाभों में से एक शहरी और ग्रामीण आबादी के बीच की खाई को पाटने की इसकी क्षमता है। शहरों से लोगों को खेतों में लाकर कृषि पर्यटन ग्रामीण जीवन की अधिक समझ को बढ़ावा देता है। पर्यटक कृषि गतिविधियों में भाग ले सकते हैं, जैसे फसलों की कटाई, गायों का दूध निकालना और पारंपरिक खाद्य पदार्थ बनाना, जिससे उन्हें खेती में आवश्यक कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रत्यक्ष अनुभव मिलता है।

कुछ अलग

## बंदा तो औसत है जी...

**हालांकि** इस बाबत मैंने उन्हें बहुत बार समझाया भी कि बंधु! औरों के कुकर्मों की वजह से क्यों अपना रास्ता नरक के रास्ते से ले जाते हो? ये सरकारी भाई हैं भाई। जो इनके मन में आए करने दो। भाई चाहे गली को हो या ऑफिस का! वह हर हाल में भाई ही होता है। उसे सब माफ होता है। पद पर रहते हुए उसे कुछ भी करने का हक होता है। भाई भाई होकर बदतमीजी नहीं करेगा तो क्या बाप होकर बदतमीजी करेगा? बाप का काम बदतमीजी सहन करना होता है तो भाई का बदतमीजी करना। बाप और भाई में यही बेसिक अंतर होता है। पर उनको समझाए तो कौन समझाए? मैं और कुछ नहीं चाहता। पर यह जरूर चाहता हूं कि समाज में भाईचारे की आड़ में दुश्मनियां न बढ़ें। वैसे भाईचारे की कोख में पलती दुश्मनियां बहुत अच्छी लगती हैं। मैं नहीं चाहता, जिसका जो हक हो, वह उसे मिले। अगर समाज में ऐसा हो गया तो मेरे जैसे कौवों का क्या होगा? ये व्यवस्था हंस प्रधान नहीं, कौवा प्रधान है। जो कुर्सी के आसपास कोयल की आवाज में कांव कांव कर गया, समझो वह गधे की पूंछ पकड़ भवसागर पार कर गया। मैं नहीं चाहता, समाज में कोई ईमानदार रहे। यहां हर ईमानदार को ईमानदारी करने का हक हो या न, पर यहां हर को बेईमानी करने का पूरा हक है। अच्छा लगता है जब सच्ची को योग्य की जगह औसत से नीचे का दिमाग जुगाड़ कर व्यवस्था की कमान संभालता है। योग्य की समाज में कोई जगह होनी भी नहीं चाहिए। इससे समाज के विकास की निरंतर चलती योजनाओं में अवरोध पैदा होते हैं। एक बार जो ईमानदारी से पुल बना गया और दशकों न गिरा तो विकास तो रुक गया न! विकास की प्रक्रिया चलते रहने के लिए व्यवस्था को खाने खिलाने वाले धांसू जरूरी हैं। कल अखबार वाले की गलती से फिर उनके ऊपर वालों का अखबार उनके फ्लोर पर गिर गया और उन्होंने पढ़ लिया। फिर जैसा कि पहले की तरह उनका दिमाग खराब होना था, खराब हो गया। और वे अपना खराब दिमाग लिए मेरे सामने। मुझे पता था कि आज फिर बंधु ने अखबार में कुछ समाज उपयोगी पढ़ लिया है। वैसे समाज विरोधी खबरें हममें संवेदनाओं को बीच-बीच में जगाती रहती हैं। वे आते ही इमोशनल हो मुझ पर बिगड़े, 'ये देख! आज फिर प्रोफेसर ने लडक़ी से छेड़छाड़ कर दी। हद है यार! ये अखबार छपते ही क्यों हैं? मुझे परेशान करने के लिए? जिस सोसाइटी में प्रोफेसर ही गाली हो जाए, उस सोसाइटी को डूबने से...।' 'तो क्या हो गया!' मैंने शांत स्वर में कहा। 'इतनी बड़ी बात और तुम्हारे लिए...।' 'मतलब?' उनका खून देखो तो लावे की तरह नसों से बाहर आता हुआ। 'कुछ नहीं यार! तुलसीदास ने बहुत पहले कहा था- समरथ कहुं नहिं दोषु गोसाईं। भाई पावक...।' 'कितनी बार कहा कि बी कूल! तुम्हारे बीपी बढ़ाने से यहां समरथों द्वारा किए जाने वाले अपराध नहीं रुकने वाले। इसलिए तुम्हारे हित में मैं तुम्हारा शुभचिंतक होने के नाते बार बार की तरह एक बार फिर कहता हूं कि पदों पर बैठों की बदतमीजियों को सीरियसली मत लिया करो। समरथ होते ही बदतमीजियां करने को हैं। औसतों को पद की गरिमा बनाए रखना मुश्किल नहीं, बहुत कठिन होता है। या कि पद पाने के बाद औसत से औसत जीव भी बदतमीज हो जाता है। ऐसे पदों का दुरुपयोग करने वालों का तो कुछ नहीं होगा, पर फाइनली नुकसान तुम्हारा ही होगा। अरे, वे प्रोफेसर बाद में हैं, पहले औसत आदमी हैं। औसत आदमी से ही वहां तक पहुंचे हैं। हमको चौबीसों घंटे अपने पद की गरिमा के साथ जीना बहुत मुश्किल है दोस्त! यहां तो...तुम्हारी कोई और दिक्कत हो या न, पर तुम्हारी सबसे बड़ी दिक्कत यही है कि तुम हर औसत आदमी में पता नहीं क्यों उसके पद की गरिमा ढूंढने लग जाते हो। और मेरी दिक्कत यह है कि मैं हर गरिमामय पद में एक औसत आदमी देखता हूं।

देश दुनीया से

## शिक्षा और शिक्षक पर चिंतन का दिन

भारत में प्राचीन समय से ही सीखने के लिए गुरु व शिष्य परंपरा चली आ रही है और अभी तक भी जीने का असली सलीका हमें शिक्षक ही सिखाते हैं और सही मार्ग पर चलने को प्रेरित करते हैं। अध्यापक को देश का निर्माता कहा जाता है, क्योंकि समाज में बदलाव, विकास में प्रगति, अच्छा जीवन जीने की कला तथा शांति, मैत्री, बंधुत्व विश्व में अच्छे शिक्षकों द्वारा ही संभव हो सका है। शिक्षक, जो बच्चों को पढ़ा सके, जो समाज को नेतृत्व दे सके, जो अच्छा जीवन जीने के लिए वातावरण तैयार कर दे, जो विश्व में मैत्री, शांति और बंधुत्व स्थापित कर दे, उन सभी को ही शिक्षक माना जाता है। अध्यापकों का हमारी जिंदगी में बहुत महत्व होता है। जो शिक्षक बच्चों को जीवन जीने का सलीका सिखा सके, समाज को नेतृत्व दे सके, ऐसे ही शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन और डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम हुए हैं जिन्होंने देश को सीखने व जल्द विकसित होने की भूख पैदा की है।

**गुरु** शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग रहा है। जीवन में माता-पिता का स्थान कभी कोई नहीं ले सकता, क्योंकि वे हमें इस दुनिया में लेकर आते हैं। इसलिए जीवन में सबसे पहले गुरु हमारे माता-पिता होते हैं। भारत में प्राचीन समय से ही सीखने के लिए गुरु व शिष्य परंपरा चली आ रही है और अभी तक भी जीने का असली सलीका हमें शिक्षक ही सिखाते हैं और सही मार्ग पर चलने को प्रेरित करते हैं। अध्यापक को देश का निर्माता कहा जाता है, क्योंकि समाज में बदलाव, विकास में प्रगति, अच्छा जीवन जीने की कला तथा शांति, मैत्री, बंधुत्व विश्व में अच्छे शिक्षकों द्वारा ही संभव हो सका है। शिक्षक, जो बच्चों को पढ़ा सके, जो समाज को नेतृत्व दे सके, जो अच्छा जीवन जीने के लिए वातावरण तैयार कर दे, जो विश्व में मैत्री, शांति और बंधुत्व स्थापित कर दे, उन सभी को ही शिक्षक माना जाता है। अध्यापकों का हमारी जिंदगी में बहुत महत्व होता है। जो शिक्षक बच्चों को जीवन जीने का सलीका सिखा सके, समाज को नेतृत्व दे सके, ऐसे ही शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन और डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम हुए हैं जिन्होंने देश को सीखने व जल्द विकसित होने की भूख पैदा की है। जवान भारत में लाखों विद्यार्थी ऐसे अच्छे अध्यापकों का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। शिक्षक के दायरे में केवल बच्चों को किताबी ज्ञान बांटना या फिर सीखने के प्रतिफल को कक्षा कक्ष में उतारना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों में जीवन कौशलों का विकास करते हुए उन्हें आधुनिक जीवन के संघर्ष से अवगत कराना और नशे से बचाना भी शामिल है। अध्यापक दिवस पर अध्यापकों से नई उभरती हुई अपेक्षाएं व चिंताएं भी हैं। नई शिक्षा नीति, नई पाठ्यचर्या एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास तुरंत व महत्वपूर्ण ध्यान चाहते हैं। यह उदारीकरण, निजीकरण, भूमंडलीकरण, विश्व व्यापार संगठन, बहिस्त्रोतीकरण, सूचना एवं संचार तकनीकी, नव शैक्षिक प्रयोग, खुली अधिगम प्रणाली, जीवन कौशलों का विकास आदि विशेषताएं शिक्षकों में विशेष तौर पर अपेक्षित रहेंगी। किसी भी देश के अध्यापक तथा वहां की शिक्षा नीति पर यह निर्भर करता है कि उस देश का विकास मानव विकास में परिवर्तित हो और विद्यालय ही एक ऐसी जगह है, जहां से यह संभव है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अध्यापकों के मानकों को बढ़ाने एवं वर्तमान स्थिति में परिवर्तन की कल्पना करती है। शिक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे पढ़ाने व लेक्चर देने के बजाय फैसिलिटेटर और मैंटर के रूप में कार्य करें। अध्यापक कक्षा कक्ष में इस तरह से सिखाएं कि बच्चों के बीच रचनात्मक, जिज्ञासा, ज्ञान व सूचना की भूख बढ़े। शिक्षा में सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रचार व प्रसार एवं बच्चों में इसकी लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे डिजिटल रूप से भी साक्षर हों और कक्षा कक्ष में इंटरनेट व कंप्यूटर के माध्यम से बच्चों को प्रतिदिन पढ़ाएं व सिखाएं ताकि सीखने के मानकों (स्टैंडर्ड) में प्रगति सुनिश्चित की जा सके और अध्यापक बच्चों में समग्र विकास की लौ जगा सकें। यह तभी संभव है जब अध्यापकों की पढने व सिखाने में रुचि निरंतर बनी रहे। यह सब करने से ही शिक्षक का सम्मान बरकरार रह सकता है। अध्यापक प्रशिक्षण में अच्छे प्रशिक्षकों की कमी तथा प्रशिक्षण को कक्षा कक्षा से ले जाने से लेकर कक्षा कक्ष में उतारने तक कार्यक्रम की कमी और निगरानी में लचर व्यवस्था हमें नार्वे एवं फिनलैंड जैसे विकसित देशों से पीछे धकेलती है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की रिपोर्ट के अनुसार लक्जमबर्ग में दुनिया में सबसे अधिक वेतन पाने वाले शिक्षक हैं। इसके अतिरिक्त स्विट्जरलैंड, जर्मनी, नॉर्वे, डेनमार्क, अमरीका, मैक्सिको, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड हैं, जहां शिक्षकों को सबसे ज्यादा सैलरी मिलती है और वे अपने आप को सम्मानित महसूस करते हैं। इन देशों के अध्यापकों के पढ़ाने और सिखाने के तरीके भी भिन्न हैं। यहां अध्यापक विद्यालय व कक्षा कक्ष में जाने से पहले पूरी तैयारी करते हैं। अध्यापक को बच्चों से पहले आकर पढ़ाने की तैयारी करनी होती है। इसीलिए उनका आदर सम्मान बरकरार है और हिमाचल के सरकारी स्कूलों से इसकी उम्मीद इंतजार में है। अनुसंधान व ज्ञानरहित अध्यापक का पाठ बच्चों के दिमाग के ऊपर ज्ञान लादने का ही कार्य कर सकता है, उन्हें कुशाग्र बुद्धि वाला नहीं बना सकता। पिछले दो दशकों में पढऩे-पढ़ाने की विभिन्न विधाओं में परिवर्तन आए हैं और अभी भी प्रयास जारी हैं। देश भर में लाखों शिक्षक विभिन्न कक्षाओं में पढ़ा रहे हैं। क्या वे सभी शिक्षक शिक्षा को बच्चों के व्यावहारिक जीवन में उतारने में कामयाब हो रहे हैं या नहीं? जैसे-जैसे विकास, विज्ञान और तकनीक आगे बढ़े हैं तथा प्रभावित हुए हैं, घर से लेकर विद्यालय तक परिवर्तन ए हैं, इंटरनेट, मोबाइल, कंप्यूटर, इंटरएक्टिव बोर्ड सरीखी आधुनिक सहूलियतों से कक्षा कक्ष एवं पढ़ाने के तरीकों में परिवर्तन आवश्यक है। बाहरी परिवर्तन के समकक्ष अपने विद्यालय एवं कक्षा कक्ष, अध्यापकों की सोच, उनके ज्ञान, सूचना, विवेक, सशक्तिकरण व पढ़ाने के मानक स्तरों में भी सकारात्मक बदलाव की अपेक्षा है।

आप का नजरीया

## शहरों का आर्थिक वजूद

**बहस** के विषयों में राजनीतिक नापतोल अक्सर उचित-अनुचित पर गौर न करके, संभावनाओं की मर्यादा को गौण कर देता है। प्रदेश में आर्थिक संकट पर विधानसभा के मुख्य द्वार पर एक महीन सी लक्ष्मण रेखा है, जो हर वाकआउट के तर्क में आर्थिक विडंबनाएं देखती है। प्रश्नकाल के सवाल पर प्रदेश का हाल देखती है। बजट में अकाल और खर्च में भूचाल देखती है। सवाल यह कि हिमाचल ने अपनी अर्थव्यवस्था को न देखा और न ही जानने की कोशिश की। केंद्र की नीतियों के सहारे 'हम डबल इंजन सरकार' बनकर तो लंबे समय तक नहीं जीत सकते। ऐसे में उजड़े दरख्त के नीचे घास को भी रोना आता होगा, लेकिन सियासत जब उखड़ती है तो हिमाचल की आपदा में प्रधानमंत्री का दौरा भी नसीब नहीं होता। खैर राजनीति से इतर भी हमने प्रदेश की मिट्टी को इतना लाल कर दिया है कि राज्य के प्रयास भी केंद्र की मुखबिरी करते हैं। हम उसी एहसास में जीते हैं या जीने की कोशिश करते हैं जो केंद्र से रहमत बनकर मिलते हैं। बड़ा जोश और जोर है जब मनाली या शिमला से निकलते फोरलेन चंडीगढ़ का कम समय में आलिंगन करते हैं। यह जरूरी रफ्तार हो सकती है, लेकिन इतनी भी जरूरी नहीं कि बिलासपुर, कुल्लू या मंडी जैसे शहरों को दरकिनार करते हुए निकल जाए। कल पठानकोट से मंडी के बीच यात्रा का समुद्र ज्वारभाटा बनेगा, तो नूरपुर, शाहपुर, कांगड़ा, नगरोटा बगवां, बैजनाथ व जोगिंद्रनगर जैसे शहरों के व्यापार का बागवां कहां बचेगा। तरक्की के अपने आईने हैं और यह वक्त की आवश्यकता के अनुरूप बनते व संवरते हैं, लेकिन हर विकास को समझने की जरूरत है। फोरलेन से बाइपास हो रहे शहरों की आर्थिकी का अध्ययन करने के लिए शहरी विकास मंत्रालय की योजना में कुछ तो चिंता होनी चाहिए। कुल्लू शहर की गलियों में आज होटल उदास हैं या व्यापार फिक्रमंद है, तो कुछ नए बंधन की जरूरत है। अंततः व्यापारी को निवेशक का दर्जा देते हुए फोरलेन के दर्द को उजड़ते शहरी आर्थिकी में समझना होगा। बेशक फोरलेन पर काफिला नई अर्थव्यवस्था लेकर आएगा, लेकिन जहां मंजिलें उजड़ रही हैं, उनके लिए भी उपचार चाहिए। इससे पूर्व प्रदेश में शिक्षा व चिकित्सा की दौड़ में जब बड़े सपने देखे गए, तो हम दौड़ते-दौड़ते यह भूल गए कि कुछ तो पहले भी असर था। यानी हमने कालेजों की दौड़ को विश्वविद्यालय के प्रांगण में ले जाकर खत्म कर दिया। मेडिकल कालेजों की तादाद में क्षेत्रीय व जोनल अस्पतालों की आहुति दे डाली। आईजीएमसी के कंधों पर टीएमसी बैठाया, तो आसपास के कई हॉस्पिटल डिस्पेंसरी से भी बदतर साबित हो गए। टीएमसी कभी चंबा मेडिकल कालेज के रोग को थामता, तो कभी हमीरपुर मेडिकल कालेज की लाज बचाता, अंततः डाकिया बन गया, जहां कभी शांता कुमार जैसे दिग्गज नेता को विश्वास करके अपनी धर्मपत्नी का साथ गंवाना पड़ा था। निश्चित रूप से ये फोरलेन जब हमें दौड़ाएंगे, तो हम अपने बच्चों को शिक्षा के लिए किसी अन्य राज्य में प्रवेश दिलाएंगे। यही वजह है जब कभी कोई बड़ा राजनेता छोटे से रोग के इलाज के लिए राज्य से बाहर निकल जाता है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा: बंदूक से नहीं, सद्भावना से होगा गांवों का विकास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** नक्सल प्रभावित क्षेत्र गारू के कोटाम में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों का विकास बंदूक के बजाय सद्भावना और संवाद से होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण विकास की सभी योजनाएं गांवों तक पहुंचें। यह बात उन्होंने विकास भारती द्वारा एचडीएफसी बैंक के सहयोग से आयोजित संपोषित समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। चौहान ने कहा कि गारू प्रखंड के 20 गांवों में विकास भारती द्वारा चयनित योजनाओं के अंतर्गत चेक डैम, तालाब और सिंचाई से जुड़ी अन्य योजनाएं चलाई जाएंगी। केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित ग्रामीणों का सर्वेक्षण कर सभी परिवारों को पक्के मकान, पेयजल, बिजली लाइन, और सोलर पावर जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में उन्होंने विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत की प्रशंसा करते हुए कहा कि भगत जी ने अपना जीवन गरीब परिवारों के उत्थान में समर्पित कर दिया है। उन्होंने समाज सेवा को ही भगवान की सेवा माना है। श्री चौहान ने कहा, मैं यहां मंत्री बनकर नहीं, बल्कि मामा और भाई बनकर आया हूं। यहां की धरती में पानी की भरपूर संभावनाएं हैं, लेकिन किसानों तक यह पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं हो पा रही है। मैं विकास भारती के विशुनपुर स्थित कुटिया में बैठकर गांवों के विकास की योजना बनाऊंगा। इससे पहले विकास भारती के सचिव अशोक भगत ने गांव में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की लखपति दीदी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चतरा के सांसद सुनील कालीचरण सिंह, पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, विकास भारती के धनंजय कुमार, विकास कुमार, रंजना कुमारी, राजधानी यादव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजद के कार्यकर्ता भी तैयारियों में जुट गए है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** झारखंड में विधानसभा चुनाव करीब है। ऐसे में लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल अपने सबसे मजबूत गढ़ चतरा में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की शुरुआत करेगा।राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव व बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकाश कुमार यादव ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर दिन शनिवार को चतरा में राजद का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमें झारखंड राजद के साथ-साथ बिहार राजद के भी कई दिग्गज नेता शामिल होंगे।राजद सम्मेलन में ये दिग्गज नेता करेंगे शिरकत,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकाश कुमार यादव ने बताया कि प्रस्तावित चतरा कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, बिहार के पूर्व वित्त मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी, भोला यादव, जहानाबाद से राजद सांसद सुरेंद्र यादव और राजद नेता अभय कुशवाहा शामिल होंगे। इसके अलावा राज्य के श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व पर्यटन मंत्री सुरेश पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव, प्रदेश महासचिव कैलाश यादव, महिला राजद की अध्यक्ष रानी कुमारी, युवा राजद के अध्यक्ष रंजन यादव सहित कई शीर्षस्थ नेता भाग लेंगे. इस दौरान राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव-तेजस्वी यादव का संदेश प्रदेश नेताओं और कार्यकर्ताओं को देकर चुनावी शंखनाद का आगाज करेंगे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत दिया गया कानून की जानकारी



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत रुपिन गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत शुक्रवार को कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों को कानून की जानकारी बताई गई। कानून की जानकारी पीएलभी कुमारी शारदा भारती के द्वारा बताई गई। इस दौरान पीएलभी शारदा ने महिला सशक्तिकरण, बाल विवाह, मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। इसके अलावे नशा पीड़ितों के मिलने वाली विधिक सहायता की जानकारी दी गई।साथी आगामी 28 सितंबर को चतरा में लगने वाले लोक अदालत में ग्रामीणों को पहुंचाने की अपील किया है। जबकि आगामी 29 सितंबर को गिद्धौर प्रखंड परिसर में मेगा इम पॉवर मेट कैंप का आयोजन किया गया है। कैम्प में लोगों को शामिल होने की अपील की है।मौके पर पीएलभी शंभू राणा समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति की बैठक होगी रविवार को, चयनित पदाधिकारीयों की उपस्थिति अनिवार्य



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति की बैठक 29 सितंबर को 11 बजे हजारीबाग में बस स्टैंड के समीप मिशन रोड स्थित मधुवन होटल में आयोजित की गई है। उक्त आशय की जानकारी कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड प्रदेश के मंत्रिमंडल में चयनित पदाधिकारी की यह बैठक बुलाई गई है। बैठक में उपस्थित लोगो के बीच संगठन की मजबूती तथा कार्यो के अलावा सामाजिक आर्थिक मुद्दे पर विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी।समाज के निर्धन परिवार के लोगो के उत्थान को लेकर सामूहिक प्रयास करने पर बल दिए जाने संबंधी रणनीति बनाई जाएगी। इसके अलावा कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति के तहत प्रदेश स्तर पर चयनित पदाधिकारियो के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। बहरहाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने चयनित पदाधिकारी को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अपील किया है।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर सीओ शम्भु राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसका संचालन थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने किया। सीओ सम्भु राम ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। वही बीडीओ विवेक कुमार कहा की सभी मिलकर यह सुनिश्चित करे की इस पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण हो और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके।वही थानाध्यक्ष ने सभी पूजा समितियों से अपील की है कि वे सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करें और स्थानीय पुलिस से समन्वय बनाए रखें, वही आगे उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी किसी भी परिस्थिति में उन्हें बक्सा नहीं जाएगा। वही दुर्गा पूजा समिति ने शांति समिति की आयोजित बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि पूजा के दौरान पूजा पंडाल के आसपास किसी भी तरह का मांस-मछली की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। पूजा समिति के लोगो ने कहा है यह निर्णय समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि इस पवित्र अवसर पर सभी लोग शांति, श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा कर सके। वही थाना प्रभारी ने पूजा समितियों को यह निर्देश दिया है की पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाएं। जिससे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पूजा पंडाल में हो सके। मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहू, भरत यादव, पूजा समिति के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधी विनोद साव, अनिल प्रसाद यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बीएड संभाग में शुक्रवार को सत्र 2023-25 के बीएड प्रशिक्षुओ ने नए सत्र का धूमधाम से किया स्वागत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा महाविद्यालय चतरा के बीएड संभाग में शुक्रवार को सत्र 2023-25 के बीएड प्रशिक्षुओ द्वारा नए सत्र 2024-26 को धूमधाम से किया स्वागत। कार्यक्रम कों रंगारंग बनाने के लिए 2023-25 प्रशिक्षुओ ने गीत, नाटक, कविता से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन अल्फिया मिन्नत ने की। वहीं कार्यक्रम का आरम्भ स्वागत नृत्य, गीत तथा दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। कार्यक्रम में आये कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मुकेश कुमार झा ने प्रशिक्षुओ कों सुभकामनायें एवं बधाइयाँ देते हुए कहा की आज नए सत्र के विद्यार्थियों का प्रथम क्लास है जहां विद्यार्थियों कों अनुशासन सिखने कों मिलेगा और इस कॉलेज में उनसे उम्मीद है की नाम, सामान बनाये रखें। कार्यक्रम में बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह ने 2024-26 सत्र के प्रशिक्षुओ का स्वागत करते हुए कहा की शिक्षक का दायित्व काफ़ी व्यापक है तथा शिक्षक वर्ग के लोग एक अभिभावक के सामान है जो की सौभाग्य की बात है। साथ ही साथ नए प्रशिक्षुओ कों सभी शिक्षकों से परिचय भी करवाया गया। अस्सिटेंट प्रो. प्रेम बसंत बाखला ने कहा की बीएड प्रशिक्षण एक परिवार की तरह है। जहाँ उन्हें बहुत कुछ सिखने कों मिलेगा तथा आपको विधार्थी बनकर सीखना है तभी जीवन में सफल होंगे ।प्रो. डॉ. मुमताज़ अंसारी ने पाठ्यक्रम के बारे में बिस्तार पूर्वक बताया व्यवहार और व्यक्तित्व के निखार पर बल दिया। प्रो. शोभा कुजूर ने कहा की बीएड करने से विधार्थी जीवन जीने का कला सीख लेता है । प्रशिक्षुओ में मिस्टर एंड मिस फ्रेसर के रूप मे बिट्टू कुमार तथा श्वेता चुने गए ।बाद में नए सत्र के छात्र -छात्रायों ने अपना अपना परिचय दिया।

## मूसलाधार बारिश व तेज हवा ने मचाई तबाही, जनजीवन अस्त व्यस्त, कई कच्चे का घर हुये क्षतिग्रस्त



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हुवी मूसलाधार बारिश तथा तेज हवा के झोंकों से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई कच्चा घर क्षतिग्रस्त हो गया। पंचायत के शाहपुर निवासी सुनीता कुमारी पति गौतम कुमार का खपरैल मकान गिर गया।इस बारिश से साग-सब्जी की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।कई गांव तक जाने के लिए बीच में पड़ने वाली नदी में बाढ़ से गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से पूरी तरह कट गया है।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला दिन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आंगनबाड़ी सेविकाओं के दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शुरू हो गया है। इस प्रशिक्षण में सेविकाओं को शाला पूर्व शिक्षा एफएलएन विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम उन्हें अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावी ढंग से निभाने में मदद करेगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा महिला पर्यवेक्षक, जिला समाज कल्याण विभाग लातेहार, तथा उगम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से जिले के लातेहार, चंदवा एवं मनिका प्रखंड में दी जा रही है। यह प्रशिक्षण प्रातः दस बजे से शाम चार बजे तक दी जा रही है, जो दिनांक 27 सितंबर 2024 दिन शुक्रवार से शुरू हुई है जिसका समापन शनिवार को होगी। यह कार्यक्रम जिला उपायुक्त गरिमा सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेमब्रॉम के नेतृत्व में आयोजित हो रही हैं। प्रशिक्षण में उगम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रशिक्षण करता संजय झा, अमृत पाल, वंदना कनक, विशाखा मुर्मू, प्रोग्राम लीडर विमला टुडू के साथ-साथ रितिका पांडे, सुनीता कुमारी सुमंती उरांव शामिल है।

## बचपन से ही स्वच्छता का प्रशिक्षण आवश्यक : प्रोफेसर मनीष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** डिग्री महाविद्यालय मनिका के एन. एस. एस. ईकाई के द्वारा सिंजो गांव में स्वच्छता हेतु संपर्क अभियान चलाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म सप्ताह को स्वच्छता सप्ताह के रुप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कम आयु के बच्चों एवं उनके अभिभावकों के बीच गंदगी से उत्पन्न बीमारियों की जानकारी सांझा की गयी। अभियान का नेतृत्व एन. एस. एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो0 मनीष तिवारी के द्वारा किया गया। उनके द्वारा पांच बच्चों के हाथ धुलवा कर स्वच्छता का प्रशिक्षण आरंभ किया गया। अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर मनीष तिवारी ने विषाणु जनित बीमारियों से सुरक्षा के उपाय भी बताया। उन्होंने वायरस म्यूटेशन के खतरे से सचेत करते हुए कहा कि बचपन से ही स्वच्छता की आदत हमें अनेक बीमारियों के खतरे से बचाती है। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गयी। इस अवसर पर डा0 रंजीत महली, डा0 बसंत प्रसाद, प्रोफेसर पृथ्वीराज ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## वित्तीय साक्षरता सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बारियातु शाखा के सौजन्य से गुरुवार को साल्वे पंचायत के बारिखाप ग्राम में वित्तीय साक्षरता सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ शाखा प्रबंधक शुभम कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को बैंक का कार्य, बैंक के वितीय लेन देन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसे समाजिक सुरक्षा बीमा योजना की बिस्तार पुर्वक जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम में जादुगर जे कुमार द्वारा कई हैरत अंगेज जादु दिखाया गया, जिसका लोगो ने भरपुर आनंद लिया। मौके पर बैंक सखी सुनैना रानी, बीससुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बालूमाथ में एक्सिस बैंक के शाखा का हुआ उद्घाटन



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ मुख्यालय अंतर्गत मुरपा मोड़ में शुक्रवार को एक्सिस बैंक की नई शाखा का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव एवं एक्सिस बैंक के सर्कल हेड निहारा पांडा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एव दिप प्रज्जवलित कर किया। वहीं सर्कल हेड निहारा पांडा ने कहा कि आम आदमी के जीवन स्तर को और ऊंचा उठाने में बैंकों का बड़ा योगदान है,जिसको लेकर ह्मलोगों ने बालूमाथ में एक्सिस बैंक के नए ब्रॉंच खोला है इस ब्रांच में ग्राहकों को केसीसी, एग्रीकल्चर एवं एडुकेसन लोन जैसे सुविधा के साथ फॉरेन कार्ड की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी वही क्लस्टर हेड अभय कुमार ने कहा कि बालूमाथ में एक्सिस बैंक की माध्यम से ग्राहकों को हर तरह की सुविधा एव सर्विस दी जाएगी जहाँ एफडी में सबसे अच्छी रेट ऑफ इंटरेस्ट देनी की बात कही साथ ही जो सेवा राँची जैसे शहरों में उपलब्ध है वैसे सर्विस अब बालूमाथ के क्षेत्रवासियों को भी दी जाएगी उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपेक्षा की है। इस मौके बालूमाथ एक्सिस बैंक मैनेजर राजू विशवकर्मा, ऑफिसर अविनास, आसुतोष पांडेय अनिल कुमार साह अभिषेक गुप्ता, अमित कुमार, बबलू चौरसिया, समेत बैंक के कई स्टाफ उपस्थित रहे।

# ट्रांसपोर्टिंग वाहन दुर्घटनाग्रस्त, चालक की स्थिति गंभीर

### सूचना पाते घटना स्थल पर पहुंची लातेहार पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के जगलदगा मोड़ के समीप एन एच 75 में शुक्रवार की सुबह तकरीबन 3ः00 बजे एक ट्रांसपोर्टिंग वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा जिससे वाहन के परखच्चे उड़ गए। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को इलाज के लिए लातेहार अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। फिलहाल चालक की स्थिति ठीक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्टिंग वाहन चाईबासा से माल लोड कर फरीदाबाद के लिए जा रहा था की इधर एन एच 75 पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण गाड़ी असंतुलित हो गई और यह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन के अंदर कुछ विशेष चीज हो सकती है, खबर लिखे जाने तक इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।जैसे ही इसकी जानकारी लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंन्हा को मिली वे तुरंत पुलिस बल को घटना स्थल भेजा इसके साथ ही पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गई है। फिलहाल कंटेनर को खाई से नहीं निकाल गया है। मौके पर उपस्थित साजन कुमार ने बताया कि इस तरह की दुर्घटना खराब सड़कों के कारण बढ़ रही है। जहां तहां बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण चालकों को अंदाजा नहीं मिल पाता है। और वह दुर्घटना की शिकार हो जाती है। आगे उन्होंने स्थानीय प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाने की अपील की है।

# जितिया जतरा मेला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र में जितिया के अवसर पर विभिन्न स्थानों में जितिया जतरा महोत्सव पारंपरिक रीति-रिवाज व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। सदर पंचायत अंतर्गत गाड़ी ग्राम में इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला का आयोजन किया गया। वहीं आदिवासी कला संस्कृति का मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। वहीं डाढा पंचायत अंतर्गत जितिया जतरा टांड में आयोजित, जितिया जतरा महोत्सव का शुभारंभ कामेश्वर पाहन ने विधिवत पूजन कर किया। जहां जितिया जतरा समिति के द्वारा आमंत्रित अतिथियों को बैंच व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं टोटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम में भी जतरा मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधि व्यवस्था को बनाए रखने व जतरा मेला का सफल आयोजन मे वहां का जितिया जतरा समिति ने सराहनीय भुमिका निभाई। किसी भी तरह के अनैतिक घटना को लेकर सजग व असमाजिक तत्वों पर पैनी नज़र रखते हुए बारियातु थाना प्रभारी राजा दिलावर सदलबल मौजूद रहे।

## फरार चल रहे आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त के घर इस्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि बालूमाथ थाना कांड संख्या 55/23 धारा 366( ) भा0द0वी के आरोपी गुलशेर आलम पिता मतिकुर रहमान ग्राम डीही पोस्ट मुरुप थाना लातेहार निवासी के घर माननीय न्यायालय के आदेश पर बालूमाथ थाना में कार्यरत पुलिस अवर निरीक्षक उमेश प्रसाद के नेतृत्व में इश्तेहार चिपकाया गया है । पुलिस द्वारा आरोपी के गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी ।लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ रहा था। जिसके बाद न्यायालय द्वारा निर्गत इस्तेहार आरोपी के घर चिपकाया गया। इसके बाद भी आरोपी द्वारा आत्मसमर्पण नहीं किया जाता है। तो न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला 20 सूत्री समिति की हुई बैठक, कई विभागों की हुई समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला के प्रभारी मंत्री सह अध्यक्ष जिला 20 सूत्री सत्यानंद भोक्ता श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,झारखंड सरकार की अध्यक्षता में 20 सूत्री एवं जिला योजना समिति की बैठक आज शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा अधिकारी विभागीय कार्यों एवं जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन करें। अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय कर विभागीय कार्यों को अंजाम तक पहुंचाएं। योजना का लाभ समाज के निचले स्तर तक सही व पारदर्शी तरीके से पहुंचे यही हमारी अपेक्षा है। उन्होंने कहा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागिता बनाएं एवं समाज के निचले तबके तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में आम लोगों को जागरूक करें। सरकार की योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू हो इसके लिए जनप्रतिनिधि, आमजन एवं सरकारी अधिकारी सजगता से अपनी जिम्मेदारी को निभाएं तभी पूरे राज्य के विकास को गति मिल सकेगा। उन्होंने समीक्षा के क्रम में ग्रामीण विकास विभाग की स्वीकृत योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं को समय सीमा के अंदर एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। स्वीकृत योजनाओं का टेंडर प्रक्रिया 15 दिनों के अदंर पूरा करने एवं कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया। गत बैठक में सदस्यों के द्वारा कई निमार्ण कार्य की गुणवत्ता से संबंधित शिकायत अध्यक्ष के समक्ष किया गया था इस संदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा अनुमण्डल पदाधिकारी सहित कार्यपालक अभियंताओं व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से टीम बनाकर गुणवत्ता की जांच करने एवं कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था,जिसपर सभी अड़चनों को दूर कर कार्यो को गति प्रदान करने की जानकारी दी गई। कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा के क्रम में पशुपालन विभाग में योजनाओं के लाभूक वास्तव में पशुपालन कर रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए पशुपालन विभाग को मॉनिटरिंग करने एवं अन्य किसानों को अन्य सुविधाएं दिलाने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया। पिछ्ले बैठक में चौपारण के द्वारा कृषकों के धान अधिप्राप्ति की राशी के भुगतान न होने की



शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सभी कृषकों के राशि की भुगतान की कारवाई कर दी गई है। मौके पर नगर विकास विभाग के द्वारा शहरी जलापूर्ति योजना के तहत बिछाये जाने वाले पाईपलाईन एवं कनेक्शन देने में लगी एजेंसी के कार्यो में तेजी लाने एवं आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।

बैठक में सदस्यों के द्वारा शहर में प्रवेश करने वाले व्यवसायिक वाहनों पर चुंगी वसूली मामले में संबंधित एजेंसी को अपने व्यवहार में सुधार लाने, लागू व्यवस्था की समीक्षा कर निर्णय लेने का निर्देश दिया। वहीं भवन विभाग के द्वारा निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायत सदस्यों के द्वारा उठाई गई जिसपर अनुमण्डल पदाधिकारी सदर को निविदा प्रक्रिया की जांच करने का निर्देश दिया गया। इस पर भवन प्रमंडल द्वारा निविदा प्रक्रिया का पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन कार्य किए जाने की जानकारी दी। साथ ही ऊर्जा विभाग की समीक्षा के क्रम में आम ग्रामीण उपभोक्ताओं के बिल में गड़बड़ी के संदर्भ में कैम्प लगाकर शिकायत निवारन करने का निर्देश विद्युत कार्यपालक अभियंता को दिया गया। इसके अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति से संबंधित आधारभूत संरचनाओं की गुणवत्ता की जांच कर संवदेक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं खद्यान्न सुरक्षा योजना से कोई भी गरीब/योग्य गरीब लाभूक वंचित न रहे यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कल्याण विभाग द्वारा संचालित अवासीय विद्यालय संचालन में नियमित जांच कर बुनियादी सुविधाओं को अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग में मानव संसाधन की कमी को आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा करने, एम्बुलेंस व्यवस्था सहित खासकर बरही में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के राहत के लिए विशेष एम्बुलेंस एवं डॉक्टर की टीम तैनात करने का निर्देश दिया गया। बैठक में माननीय मंत्री के अलावे उपायुक्त नैन्सी सहाय, विधायक बरकट्ठा अमित यादव,जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद, डीडीसी श्रीमती प्रेरणा दीक्षित,जिला परिषद उपाध्यक्ष विधायक बड़कागांव प्रतिनिधी,बगोदर विधायक प्रतिनिधि,सभी जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बैठक के उपरांत लाभूकों के बीच हुआ परिसम्पत्तियों का वितरण

सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा दो लाभुकों को पेंशन के स्वीकृति दी गई जिसमे एक वृद्धा पेंशन एवं एक विधवा पेंशन शामिल है। वहीं जेएसएलपीएस द्वारा असुरक्षा न्यूनीकरण कोष योजना से 122 ग्राम संगठनों को एक करोड़ 22 लाख रुपए की स्वीकृति, एकीकृत कृषि क्लस्टर के तहत दो संकुल संगठनों को 9 लाख की स्वीकृति, सामुदायिक संचालित प्रशिक्षण केंद्र योजना के एक संकुल संगठन को 8 लाख 50 हजार की स्वीकृति एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज योजना से 1205 समूहों के बीच 55 करोड़ 31 61 लाख रुपए ऋण की स्वीकृति दी गई। विभिन्न योजनाओं के लाभूकों के बीच परिसम्पतियों/चेक का वितरण किया गया है।

## विक्रम राणा ने किया बड़वार में जन संपर्क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधान सभा क्षेत्र के दारू प्रखंड अंतर्गत बड़वार गांव में विधायक प्रत्यासी सह समाज सेवी विक्रम राणा ने अपने समर्थकों में नंदन राणा, सतीष यादव ,कृष्ण कुमार,सुबोध गोप, संटू राणा,मिंटू सिंह,स्वरूप यादव,संदीप पाण्डेय के संग 26 सितंबर दिन शुक्रवार को जन संपर्क किया । जन संपर्क के दौरान श्री राणा ने अपने संबोधन में कहा की बीते कई वर्ष हो गए लेकिन सदर विधान सभा क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पाया है। आज देखा जा रहा है की प्रखंड से लेकर जिला तक के कई विभाग में बिचौलिया व्याप्त भ्रष्टाचार में संलिप्त है। मुझे आप सभी जनता से अपेक्षा है की मुझे अपना बहुमूल्य मतदान रूपी आशीर्वाद देकर मौका दे ताकि मैं अपने विधायकी कार्यकाल में आप सबों के हरेक छोटी बड़ी समस्याओं का समाधान कर सके ।उन्होंने यह



भी कहा की मेरे कार्यकाल में विधान सभा क्षेत्र के हरेक पंचायत , गांव ,वार्डो में एक कार्यालय होगा जिसका संचालन भी क्षेत्रीय जनता के हाथो मे होगा और मैं यह आश्वासन देता हूं की वर्तमान में जो समस्याएं रोजगार,शिक्षा,स्वास्थ्य समेत अन्य विभाग की ओर से आ रही है उसे समाधान करवाने का निरंतर प्रयास करूंगा। मैं क्षेत्र में नेता नही बल्की आपलोगो का बेटा बनकर कार्य करूंगा। मौके पर किशुन राम,किशुन गोप, टेकलाल यादव,देवकी पासवान,उत्तिम यादव,राज कुमार यादव,मीना देवी,चंचल देवी,शांति देवी,पिंकी देवी,फागुनी देवी,खुशबू देवी,तारा देवी समेत अन्य सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे थे।

## पूर्व विधायक के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बिजली समस्या से आक्रोश जनता का समाधान के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक मनोज यादव के नेतृत्व में महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने क्षेत्र में बिगड़ती बिजली व्यवस्था पर अधिकारियों को घेरा और उनसे समाधान की मांग की। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि जनता लंबे समय से बिजली की समस्या झेल रही है और अब इसे और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बिजली विभाग पर सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाया और कहा कि जनता के हितों की अनदेखी की जा रही है। पूर्व विधायक मनोज यादव ने जब बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता अशोक कुमार उपाध्याय से सवाल किया कि अब तक इतनी बड़ी समस्या पर कोई





ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई तो अभियंता ने बताया कि विभाग संसाधनों की कमी और कुछ प्रशासनिक बाधाओं के चलते देरी का सामना कर रहा है, लेकिन अब काम में तेजी लाई जाएगी। वहीं पूर्व विधायक इस पर नाराजगी जताते हुए कहा बिजली विभाग सिर्फ सरकार के दबाव में काम कर रही है। अगर जनता की समस्याओं को दर किनार किया गया तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। वहीं बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता ने भाजपा कार्यकर्ताओं की मांगों को जायज ठहराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। कहा हमारी प्राथमिकता उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करना है। जले हुए ट्रांसफार्मरों को जल्द से जल्द बदला जाएगा और जहां जरूरत होगी वहां नए ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे।विरोध प्रदर्शन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, बरही पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष भगवान केशरी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष विजय यादव, सुनील सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, रितेश गुप्ता, शुक्र भुइयाँ, परमेश्वर यादव, भाजपा चौपारण पूर्वी युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजन सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पंन्तु मेहता, दसरथ मेहता, काली चरण मेहता, विजय मेहता, उप मुखिया टिंकू मेहता, पसस प्रतिनिधि सुजीत कुमार, छत्रु महतो, जीतेन्द्र पंडित, आकाश जायसवाल, मुकेश कुमार के साथ अन्य कार्यकर्ता और ग्रामीण भी बड़ी संख्या में इस घेराव में शामिल हुए।

## बरही के दुलमाहा में डोभा में डुबने से 40 वर्षीय युवक की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुलमाहा गांव के पुन्नू भुईया का 40 वर्षीय पुत्र नरेश भुईयां का डोभा में डुबने से मौत होने का मामला प्रकाश के आया है। मौके पर मृतक के परिजनों ने बताया कि दुलमाहा गांव के ओरिया टोला के बगल कलिंदर भुईयां के घर के बगल बने पुराने डोभा में नहाने गया था, इसी दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबते चले गए और उनका पैर घांस में फस गया और वे गहरे पानी में डुब गए। इस बीच घर के बगल में खेल रहे बच्चों ने देखा और हल्ला करने लगे। हल्ला सुन आसपास के लोग पहुंचें और निकालने का प्रयास किया, तब तक देर हो चुकी थी। ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया। वहीं ग्रामीणों ने बरही थाना पुलिस को



सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। इस घटना से परिजनों का रो रो बुरा हाल है। मृतक नरेश भुईयां अपने पिछे पत्नी व एक पुत्र को छोड़कर चला गया। बताया जाता है की मृतक घर का एक मात्र कमाऊ व्यक्ति था। वहीं मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाई है और न उसे किसी पर मार देने की शक की है। पुलिस मामले को छानबीन में जुट गई ।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर की जर्जर सड़क की मरम्मत

**बरही (हजारीबाग) (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी में नदी और मुक्तिधाम जाने वाली जर्जर सड़क का गांव के युवाओं ने



श्रमदान कर मरम्मत किया। विदित हो कि मुक्तिधाम जाने वाली सड़क जिसकी लंबाई लगभग एक किलोमीटर की स्थिति जर्जर हो चुकी थी। जिससे गांव के लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानी होती थी। खासकर वर्षा ऋतु के दौरान इस मार्ग से होकर आवागमन करना काफी खतरनाक होता था। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इस जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई थी, परंतु सड़क की मरम्मती नही कराई गई। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से पैदल चलना दुभर हो गया था। इसके बाद ग्रामीणों ने सड़क से कीचड़ हटाकर आयरन डस्ट डालकर पैदल चलने लायक बनाया। श्रमदान करने वालों में मो जहांगीर, मनीष कुमार, बसंत कुमार, नुनेश कुमार, अहमद अंसारी, अमन कुमार, राजन कुमार एवं प्रवेज अंसारी सहित कई अन्य शामिल है।

## भामाशाह विद्या मंदिर में सुवर्णप्राशन का 190 बच्चों को दिया डोज

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में आध्यात्मिक वातावरण में



सुवर्णप्राशन का 190 बच्चों को डोज दिया गया। कक्षा अरुण से लेकर प्रभात तक के भैया बहनों को सुवर्णप्राशन का दूसरा डोज एवं कक्षा प्रथम से तृतीय तक के भैया बहनों को पहला डोज दिया गया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय व अभिभावक अनुज कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप मंत्र के साथ दीप प्रज्वलित कार्यक्रम प्रारंभ किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा सुवर्णप्राशन एक संस्कार है जिससे वर्तमान परिस्थिति में अपने बच्चों की आंतरिक विषमताओं का शमन कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य और दीदीजी की सहभागिता प्रारंभ से अंत तक बनी रही।

## आईलेक्स के जिज्ञासु ने ईस्ट ज़ोन में जीता सिल्वर और ब्रोज मेडल

**बरही (हजारीबाग) (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीबीएसई द्वारा आयोजित ईस्ट ज़ोन आर्चरी चैंपियनशिप 2024 में आईलेक्स पब्लिक स्कूल के नवी कक्षा के छात्र




जिज्ञासु रंजन ने 30 मीटर आर्चरी चैंपियनशिप में ब्रोज मेडल और 20 मीटर आर्चरी चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। 23 सितंबर से 25 सितंबर तक ज़मशेदपुर के एग्रीको स्थित एसडीएमएस स्कूल ऑफ़ एक्ससिलेंस में सीबीएसई द्वारा आयोजित ईस्ट ज़ोन आर्चरी चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया था। इस चैंपियनशिप में तीन राज्यों बिहार, झारखण्ड और उत्तर प्रदेश के 64 स्कूलों ने हिस्सा लिया था। जिसमें कुल 600 बच्चों ने हिस्सा लिया था। इस चैंपियनशिप में अंडर - 14, अंडर - 17 और अंडर - 19 आर्चरी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस चैंपियनशिप में आईलेक्स पब्लिक स्कूल के नवी कक्षा के छात्र जिज्ञासु रंजन ने भी हिस्सा लिया था। जिन्होंने अंडर -14 में 20 मीटर आर्चरी में सिल्वर मेडल तथा 30 मीटर आर्चरी में ब्रोज मेडल अपने नाम किया। स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि आईलेक्स में बच्चों के भविष्य को लेकर हर-सम्भव व्यवस्था की गई है जिसमें आर्चरी, हॉर्स राइडिंग, स्विमिंग, स्केटिंग, कराटे , क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल जैसे खेलों को प्रोत्साहित किया जाता है। जिज्ञासु ने निश्चित हीं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने माता - पिता के साथ स्कूल का भी नाम रौशन किया है। भविष्य में उसे देश के लिए मेडल लाते हुए देखना चाहेंगे।

## अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 80 मरीजों को प्रदान किया पोषण किट, इससे पहले दो चरणों में गोद लिए हुए 130 मरीज हो चुके हैं स्वस्थ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच शुक्रवार को निःशुल्क पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को हर माह पोषक आहार प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। इस अवसर पर बड़कागांव स्थित सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा, अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ठ कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। हजारीबाग क्षेत्र के मरीजों के लिए आपात परिस्थिति में यह एम्बुलेंस सुविधा त्वरित रूप में उपलब्ध है। आगे उन्होंने बताया कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से अब तक 210 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, इनमें से 130 अब तक स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, नए 80 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किए जाएंगे। अभी इन्हें चौथे महीने का किट वितरित किया गया है। टीबी के ईलाज में अदाणी




फॉउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार का लाभ मिल रहा है। यह नेक पहल प्रशंसनीय है।

**स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए सार्थक कोशिश :** अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए सार्थक कोशिश हो रही है। जिसमें अच्छे चिकित्सकीय लाभ के के लिए क्षेत्र में लगातार निःशुल्क मेडिकल कैम्प और नेत्र जांच शिविर लगाए जाए रहे हैं, जहां ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे तक प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा हरली हाई स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उन्हें पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ-साथ प्रखंड के युवाओं के रोजगार के लिए भी अदाणी फॉउंडेशन ने सार्थक पहल शुरू की है, जिसके तहत युवाओं को सेना, पैरामिलिट्री, अग्निवीर और पुलिस बहाली के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर सीएसआर विभाग के उप प्रबंधक मोहित गुप्ता, एग्जीक्यूटिव अधिकारी शरद मिश्र, तारकेश्वर कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

## टेकलाल बाबू का कहना था, जो पढ़ा वो आगे बढ़ा : जयप्रकाश भाई पटेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड आंदोलनकारी,झारखण्ड के वीर पुरोधा,विष्णुगढ़ के माटी के लाल स्व.टेकलाल महतो की 13 वीं पुण्यतिथि पर झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री उनके छोटे सुपुत्र जयप्रकाश भाई पटेल एवं उनकी धर्मपत्नी ललिता देवी समेत परिवार के सभी सदस्यों ने विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय परिसर में स्थित टेकलाल बाबू की आदम कद प्रतिमा के समक्ष पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पुण्यतिथि के अवसर पर भावुक होते हुए जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा टेकलाल बाबू मेरे पिता थे,परन्तु हम से ज्यादा स्नेह और प्यार अपनी जनता से किया ये सच है।उनका प्यार और आशीर्वाद मेरे लिए पीपल की ठंडी छाया रही।उनकी जिन्दगी माण्डू की जनता और झारखंड की जनता के लिए हमेशा न्यौछावर रहा अलग झारखण्ड के लिए जिस समय वे लड़ रहे थे,तो कभी-कभी महीनों भर उनके दर्शन नही होते थे। उनके इस समर्पण और त्याग का परिणाम है,झारखण्ड और इसे मैं कभी लूटने नही दूंगा। मेरे पिता जी चाहते थे कि विष्णुगढ़ के नौजवान पढ़लिखकर आगे बढ़े इसके लिए उन्होंने विष्णुगढ़ में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दौलत महतो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना की,विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय की स्थापना करवाई,आईटीआई प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना समेत कई कार्य किये। और मैंने में बचपन देखा है,उनके सलाहकार भी विद्वान शिक्षक रहते रहते थे,जिनमे शिक्षक स्व.चमन राम प्रजापति,मिश्रीलाल बर्मन, बालगोविंद बरनवाल एवं अन्य लोग थे। मैंने भी उनके नक्शे कदम पर चलने का प्रयास किया है,उनके बहुत सपने मैंने पूरे किये कुछ बाकी है जिसे जरूर पूरा करूँगा। आज इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में लोगो का प्यार टेकलाल बाबू के लिए देखकर मेरा मन अभिभूत हो गया है। टेकलाल बाबू की पुण्यतिथि पर विष्णुगढ़ के चार महत्वपूर्ण स्थानों स्व.टेकलाल बाबू के निवास स्थान चानो,बनासो बीएड महाविद्यालय,विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय तथा टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय विष्णुगढ़ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर मुख्य रूप से कॉग्रेस जिलाउपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र,झामुमो पूर्व जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव,विशेश्वर स्वर्णकार,प्रखण्ड अध्यक्ष अब्बास अंसारी,रामजतन राय, गणपत स्वर्णकार,गुरु प्रसाद साव,हिरामन महतो,महादेव मंडल,कॉग्रेस युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार बर्मन,चेतलाल महतो,प्रमोद सिंह,मनोज यादव,नरेश यादव समेत जेपी समर्थक एवं सैकड़ो की संख्या में कॉग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।



## हुरहुडू वार्ड नंबर 35 में गांवो से भी बदतर स्थिति, नगर निगम का टैक्स लेना अन्याय : डॉ आरसी मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस के सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता कार्यकर्ताओं के साथ नगर निगम क्षेत्र के कोर्रा एवं हुरहुरु नगर में जनसंपर्क किए। वार्ड नंबर 35 के नुक्कड़ सभा में डॉ मेहता ने कहा कि वार्ड नंबर 35 सहित नगर निगम की स्थिति जिले के गांव से कम सुविधा है यहां सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है और नगर निगम का टैक्स लोग दे रहे हैं जो सरासर अन्यायपूर्ण है । उन्होंने कहा की वे नगर निगम और सरकार से मांग करते हैं कि यहां पहले नगर निगम का सुविधा दें उसके बाद नगर निगम टैक्स ले। डॉ मेहता ने कहा कि हजारीबाग जिले के सर्वांगीण विकास के लिए वे आजीवन तत्पर हैं। 2019 के विधानसभा में उपविजेता बनने के बाद उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा 5 वर्षो से जनता के बीच रहा और अनेकों सफल आंदोलन किये हैं यदि पुणः टिकट मिलता है तो दमखम से चुनाव लड़ेंगे और जीत हासिल करेंगे। उन्होंने आगे कहा की जिस तरह सिद्धार्थ राज पाठ छोड़कर जनहित के लिए संन्यास लिए इस तरह वे अपना अस्पताल छोड़कर आप लोगों के बीच आए हैं टिकट मिलती है और आप सबों का आशीर्वाद मिलती है तो वे निस्वार्थ भाव से आत्मा के शांति के लिये हजारीबाग जिले का सर्वागीण विकास करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से वार्ड नंबर 28 के वार्ड पार्षद सुबोध पासवान मौलाना मुख्तार राकेश गुप्ता बीके मेहता राजेंद्र मेहता अमित पासवान रामचंद्र भुइया संतोष साहू राजेश मांझी अयूब अंसारी इत्यादि सैकड़ो लोग थे।



## दारू में मोबाइल भेटनरी क्लीनिक वाहन उपलब्ध हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** पशु चिकित्सा सुविधा को लेकर मोबाइल भेटनरी क्लीनिक वाहन मिला. पशुपालकों को 1962 हेल्प लाइन डाइल करते ही यह वाहन पशुपालक के घर तक पहुंचेगा और बीमार पशुओं का इलाज में मदद करेगा. यह सुविधा कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।

## बेस में दो दिवसीय आयोजित जितिया मेला में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हुई शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :**सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखण्ड में अवस्थित बेस में दो दिवसीय आयोजित जितिया मेला में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। यहां जितिया मेला समिति के सदस्यों ने उनका झारखंड की संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप स्वागत व अभिनंदन किया। समिति के प्रयास से यहां वर्षो से इस मेला का अयोजन होता आ रहा है। सफल आयोजन के लिए जितिया मेला समिति एवं ग्रामीणों को बहुत- बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि जितिया पर्व पर दो दिवसीय मेला का आयोजन करना जितिया मेला समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों का काफी शानदार पहल है। वर्षो की परंपरा को निभाना बेहद ही कठिन होता है। लेकिन सुचारू एवं पूर्ण सक्रियता के साथ जितिया मेला का आयोजन करना काफी सरहानीय है। मेले में उपस्थित एवं उनके संबंधियों में ईश्वर अच्छे स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं वैभव की संचार करने की मेरी कामना है। मौके पर मुखिया दीपक यादव, अध्यक्ष जगरनाथ साव, सबीब राणा, चंदन कुमार राणा, राजेंद्र यादव, नरेश राना, मनिष कुमार, मनोज राम, विशाल वाल्मीकि, रानी शुक्ला, सुरेश कुमार, मनोज पांडे, राहुल कुमार, रंजीत राम एवं मोनु कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

# परिवर्तन राज्य में भय, भ्रष्टाचार रोजगार और महिला के सम्मान के सुरक्ष के लिए : संजय सेठ

### न कहेंगे न सहेंगे बदल कर रहेगें : राकेश प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली गई परिवर्तन यात्रा शुक्रवार को रामगढ़ जिले से अपनी यात्रा का शुभारंभ पतरातु लेक रिसोर्ट से सुबह 9ः00 शुरु होते हुए गोला, चितरपुर के विभिन्न मण्डलों में सड़क मार्ग से यात्रा तय करते हुए,सभी सम्भावित सभाओं को पूर्ण कर संध्या 6ः00 बजे रामगढ़ छावनी फुटबाल मैदान में जनसभा में तब्दील हो गया । इस जनसभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने तथा संचालन पूर्व जिला महामंत्री रंजीत पांडेय द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि भारत सरकार केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ , कार्यक्रम प्रमण्डलीय प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय उपस्थित हुए। इस सभा को सम्बोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य में सत्ता परिवर्तन क्यों जरूरी है पर बोलते हुए कहा परिवर्तन इसलिए कि महिला के मान सम्मान की सुरक्षा के लिए , युवाओं के भविष्य के लिए, अपराधियों के हौसले पस्त करने के लिए , बिजली , पानी,सड़क सहित बुनियादी सुविधाएं के लिए। झारखंड पहला राज्य है जहां ट्रान्सफर उद्घघाटन भी एमएलए करते हैं। भ्रष्टाचार मुक्त शासन व्यवस्था बहाल के लिए यह परिवर्तन, बालू, खनन माफिया से




छुटकारा के लिए । उन्होंने हेमन्त सोरेन के वक्तव पर तंज कसते हुए कहा कि वे झारखण्ड में बदलते डेमोग्राफी को मानते नहीं और कहते हैं कि बदलते डेमोग्राफी को देखना है तो बंगाल में जा कर देखे। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा सनातन धर्म को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन जब तक नरेन्द्र मोदी हैं तब तक सनातनी धर्म को कोई नष्ट नहीं कर सकता। उन्होंने मोदी सरकार के उपलब्धि के साथ साथ नितिन गडकरी के काम का भी उल्लेख किया । उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही हेमन्त सरकार पुनः जनता को ठगने वाली योजना की लालीपोप थमा रही है। चितरपुर में गौरक्षक पर हुए हमले और पुलिस प्रशासन के अगर मगर पर निंदा की। मोदी के नए भारत के गौरवान्वित पल को सबके सामने रखा। आज कैसे भारत की बोली विश्व में सुनी जा रही है। आपका संकल्प आपका विश्वास झारखंड में परिवर्तन के साथ झारखंड के विकास के लिए आपसे अनुरोध करने आए हैं।उपस्थित सभी वक्ताओं ने संबोधन में हेमन्त सरकार को उखाड़ फेंकने की हुंकार भरी । परिवर्तन जनसभा में रामगढ़ विधान सभा प्रभारी अनिल कुमार टाईगर, रामगढ़ विधान सभा प्रभारी सुभाव कश्यप, रामगढ़ विधान सभा विस्तारक अरूण कुमार मण्डल,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार,पूर्व जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ संजय कुमार सिंह, इला रानी पाठक, रंजन सिंह फ़ौजी,महेन्द्र प्रजापति,राजू चर्तुवेदी, विजय जायसवाल, सरदार अनमोल सिंह , किरण देवी, लक्ष्मी देवी, स्नेह लता चौधरी,शीतल सिंह, रूपा देवी, अमिता सोनी, स्नेहा गुप्ता पिंकी कुमारी, रीति श्रीवास्तव सहित जिला, मण्डल के पदाधिकारी प्रदेश,जिला और मंडल के मोर्चा के पदाधिकारी सहित भरी संख्या में महिलाएं और जनता जनार्दन की उपस्तिथि रही ।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना से ग्रामीण बन रहे आत्मनिर्भर : मुखिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना का उद्देश्य झारखंड के किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध करना है। शुक्रवार को चितरपुर प्रखंड के बोरोविंग पंचायत भवन में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 27 लाभुकों के बीच बकरा/बकरी तथा सूकर का वितरण किया गया। वितरण बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बोरोविंग मुखिया बसंती देवी व विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार, झामुमों नेता चित्रगुप्त महतो द्वाराने संयुक्त रूप से 27 किसानों के बीच बकरा/बकरी व शुकर का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि क्षेत्र के हर किसान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। उसे धरातल पर सफल बनाने के लिए सभी किसानों को कार्य करना होगा। जो योजनाएं दी जा रही है उसे सफल बनाकर आगे वृहद पैमाने पर योजनाओं को चलाकर लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम करें। वही पशु पालन पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार ने कहा कि सरकार की यह योजना स्वरोजगार तथा



आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को जोड़ा जा रहा है। जिससे लोग आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार से जुड़ेंगे। सूकर पालन कर अधिक मुनाफा कमाया जा सकता हैं। मुख्यमंत्री पशु धन योजना के तहत बकरा/बकरी एवं सुकर पाकर लाभुक काफी उत्साहित दिखे। लाभुकों ने कहा कि सरकार द्वारा यह कल्याणकारी योजना हैं, जो हमलोग के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। मौके पर सप्लायर आलोक यादव, अजय कुमार, कालीचरण चौधरी, मोतीलाल राम, दिलीप नायक, मीना देवी, नीतू देवी, सुशीला देवी, मृत्युंजय कुमार सहित कई मौजूद थे।

## वेस्ट बोकारो में व्यवसायी के घर डकैती, बंधक बनाकर की लूटपाट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** जिले के वेस्ट बोकारो क्षेत्र के घाटो स्थित सोनडीहा में गुरुवार की रात एक घर में डकैती की वारदात हुई है। छह की संख्या में पहुंचे नकाबपोश डकैतों ने व्यवसायी बबलू साहू के घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। इसके बाद लगभग ढाई घंटे तक घर में लूट-पाट करते रहे। घर में रखे नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरात लेकर सभी डकैत आराम से फरार हो गए। वहीं घटना के दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह पीड़ित परिजनों ने घटना की जानकारी वेस्ट बोकारो पुलिस की दी। जानकारी मिलने के बाद घाटो पुलिस, टेक्निकल टीम, एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की। बता दें कि क्षेत्र में यह दूसरी डकैती की वारदात है। डकैती की घटना से इलाके के लोगों में दहशत है। वहीं भुक्तभोगी बबलू साहू के अनुसार गुरुवार की देर रात करीब एक बजे के आसपास दूसरे तल्ले पर सीढ़ी के सहारे डकैत घर में घुस आए और बच्चों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद हथियार के बल पर कमरा



खुलवाया और सभी को एक जगह इकट्ठा किया। इसके बाद व्यवसायी की पत्नी और दोनों बच्चे को नीचे के रूम में ले जाकर बंद कर दिया और सभी दरवाजे और अलमारी की चाबी ले लिया। हथियार के बल पर बबलू साहू को साथ में रखकर एक-एक कमरे को अच्छी तरह खंगाला। इस दौरान डकैतों ने करीब 60 हजार रुपये नगद, सोना का चेन , सोने की अंगूठी, चांदी के जेवरात लूट लिया। ढाई घंटे तक सभी कमरे की तलाशी लेने के बाद डकैत मकान मालिक को दूसरे कमरे में बंद कर फरार हो गए।

## सयाल डी कोलियरी स्टेटमेंट 6 जल्द बनेगी समिति : अम्बा प्रसाद

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल डी कोलियरी परियोजना अंतर्गत



आर एंड आर पॉलिसी के तहत स्टेटमेंट 6 नहीं प्राप्त होने के मामले पर ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल साथ विधायक ने उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार से मुलाकात कर विस्तार पूर्वक बातों को रखा एवं सीसीएल में युवकों को रोजगार सुनिश्चित कराने हेतु जल्द स्टेटमेंट 6 उपलब्ध कराने की बात कही। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही इस मसले पर एक समिति बनेगी इसके बाद स्टेटमेंट 6 प्रदान किया जाएगा एवं युवाओं को सीसीएल में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## दर्जनों युवाओं ने थामा जेएलकेएम का दामन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा अन्तर्गत हेसला में



दर्जनों अल्पसंख्यक युवाओं ने सल्लू खान के नेतृत्व में जेएलकेएम पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए! पार्टी की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से शहज़ाद खान, रियाज़ खान, दानिश खान, नियामत हुसैन, सकलेन खान, नसीम खान, शमशेर खान, हसीब खान, शेरू खान, वाजिद खान सहित अन्य लोगों ने सदस्यता ग्रहण किये। इस मौके पर ज़िला अध्यक्ष देवानाद महतो ने कहा की टाइगर जयराम महतो के विचार धारा से प्रभावित होकर झारखण्ड के युवाओं का झुकाव जेएलकेएम की ओर है! प्रमंडल प्रवक्ता तनवीर आलम ने कहा की जयराम के नेतृत्व में झारखण्ड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति सहित अन्य कार्य होंगे! इस मौके पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मुस्लिम अंसारी, जिला महामंत्री अबुशमा अंसारी, मुजाहिद आलम, कलाम अंसारी मौजुद थे!

## क्षेत्र की सर्वांगीण विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता : विधायक

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चितरपुर प्रखण्ड के भुचुंगडीह पंचायत



अंतर्गत केवट टोला में शुक्रवार को विधायक मद से लगभग 6 लाख की लागत से राजकुमार केवट के घर से नरेश केवट के घर तक नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना व शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सर्वांगीण विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि यहां के लोगों की मांग को पूरा करते हुए नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। आने वाले दिनों में यहां अन्य विकास के कार्य भी किये जाएंगे। इस दौरान विधायक ने संवेदक उमेश केवट को ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का भी निर्देश दिया। इससे पूर्व विधायक के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर देवकी महतो, रंजीत महतो, सरिता देवी सहित कई मौजूद थे।

## रामगढ़ महाविद्यालय परिसर में वन विभाग के सहयोग से हुआ वृक्षारोपण

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के परिसर



में वन विभाग के सहयोग से शुक्रवार को वृक्षारोपण किया गया। प्रमंडलीय वन पदाधिकारी नीतीश कुमार के द्वारा वृक्ष लगवाने के साथ उनको सुरक्षित रखने के लिए गेबियन (घेरा) भी करवाया जा रहा है। रामगढ़ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने प्रमंडलीय वन पदाधिकारी नीतीश कुमार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पेड़-पौधे लगाने से पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इससे हवा शुद्ध होती है, पानी की बचत होती है, जलवायु नियंत्रण में मदद मिलती है, मिट्टी सुरक्षित रहती है और कई अन्य तरीकों से समग्र पर्यावरण को लाभ होता है।

## राजभाषा पखवाड़ा 2024 के तहत प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाप्रबंधक कार्यालय अरगडा क्षेत्र में



राजभाषा पखवाड़ा 2024 के तहत प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अरगडा क्षेत्र के इकाइयों के विभिन्न अधिकारियो एवम कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आरंभ अमला अधिकारी (कार्मिक एवं प्रशासन) मोहम्मद फैयाजुल हक के द्वारा राजभाषा प्रतिज्ञा से की गई। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी (राजभाषा) मनीष कुमार अम्बष्ट , प्रबंधक कार्मिक स्मिता पन्ना एवं संतोष चंद्रवेश के साथ अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद थे।

## एग्रीटेक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड मे वार्षिक आम बैठक का किया गया आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड स्थान एफ.




पी. ओ कार्यलय दुलमी बजार टांड मे एग्रीटेक प्रोडूयूसर कम्पनी, लिमिटेड मे वार्षिक आम बैठक आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड के बिकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी मदन महली पिड़ी आत्मा प्रबीन कुमार सिंह, एवं पिबीएम, दिनेश रजवार, कम्पनी के सभी निदेशक मडल मौजूद थे इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप दीप प्रज्वलित किया गया। कम्पनी मे पंजकृत किसानो को विभाग के द्वारा खाद विज निशुल्क एवं अनुदान पर उपलब्ध किया जाता है इस कार्यक्रम में 87 किसान उपस्थित थे । रेखा देवी चिंता देवी प्रमिला, देवी बिंदु देवी मीणा देवी, रविता, देवी, सबिता देवी, दीगम्बर मुंडा बुधन महतो, राजेंद्र कुमार महतो,बालेश्वर मगतो, बैजू रजक, एवं सभी किसान भाई मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में वॉटर प्यूरीफायर व वॉटर कूलर का किया गया उद्घाटन

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में स्वच्छ पेयजल की सुविधा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नए वॉटर प्यूरीफायर व वॉटर कूलर का उद्घाटन किया गया।मुख्य रूप से उपस्थित उतरी सेवई के मुखिया कुलदीप सिंह,उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद, नवीन कुमार एवं सुनील कुमार द्वारा संयुक्त रूप से पूजन करके उद्घाटन किया। मौके पर कुलदीप सिंह ने कहा कि इस प्यूरीफायर की स्थापना से विद्यार्थियों को साफ और स्वच्छ पेयजल मिलेगा, जिससे उनकी सेहत अच्छा रहेगा और वे बीमारियों से बच सकेंगे।वही समारोह में चंद्रशेखर चौधरी अपने संबोधन में कहा,स्वच्छ पेयजल हर बच्चे का अधिकार है, और इस पहल से हमारे बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होगा।विद्यालय के इस नए वाटर प्यूरीफायर से सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी, जिसके लिए सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया।

## आदिवासी समाज को उनके हक व अधिकार को दिलाने का काम करेगी आजसू : सुनीता चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा स्थित केशरी कुंज परिसर में शुक्रवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, गोला पार्षद सरस्वती देवी, आजसू के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, इंतेखाब आलम, जिला कोषाध्यक्ष किशुन मुंडा मौजूद थे। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा गोला प्रखंड के 250 पहान, गोड़ाईत, मांझी हड़ाम, जोगवा, प्राणिक, नायके व कुडामनायके को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज काफी पिछड़े हुए है। उन्हें मुख्य धारा में लाने की जरूरत है। राज्य की झामुमों सरकार ने सिर्फ आदिवासियों को ठगने का काम किया है। जाति व समाज के नाम पर वोट लेकर उनका शोषण करने का काम किया है। आजसू पार्टी आदिवासी समाज को उनके हक व अधिकार को दिलाने का काम करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर राज्य में उनकी सरकार बनती है तो उत्तरी छोटानागपुर के सभी पहान, गोड़ाईत, मांझी हड़ाम, जोगवा, प्राणिक, नायके व कुडामनायके को सरकार से मानदेय दिलाने काम करूंगी। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर अध्यक्ष दीपक मुंडा, सचिव परमेश्वर बेदिया, महासचिव दिनेश मुंडा, मनोज मुंडा, लखिन्द्र मुंडा, गुडडू करमाली, रौशन मुंडा, सिकिदरी मुखिया राजेश पहान, सुनीता सोरेन, कैलाश मांझी, सरीता देवी सहित कई मौजूद थे।

## रामगढ़ कॉलेज की जमीन रामगढ़ का धरोहर है : राजेश ठाकुर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के परिसर में रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति के तत्वाधान में एक आवश्यक बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता शशि करमाली ने किया बैठक मे रामगढ़ कॉलेज में विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया बैठक में मुख्य विषय रामगढ़ कॉलेज जमीन की चार दिवारी एवं माफी रामगढ़ कॉलेज के मुख्य द्वार के निर्माण एवं कॉलेज कैंपस आसामाजिक को रोकने को लेकर चर्चा किया गया इस बैठक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एसएफडी पूर्व प्रदेश संयोजक छात्र नेता राजेश ठाकुर उपस्थित राजेश ठाकुर ने बताया कि इन सभी विषयों को लेकर रामगढ़ कॉलेज बचाव समिति बैनर तले पूर्व में जिला प्रशासन कॉलेज प्रशासन को लिखित शिकायत एवं मांग किया गया था साथ ही साथ आंदोलन भी किया गया काफी लंबे समय भी जाने के बाद भी ना तो कॉलेज प्रशासन नाही जिला प्रशासन के द्वारा इन सभी विषयों को गंभीरता से नहीं लिया गया अंत में हम लोगों ने आज इन सभी विषयों को लेकर तीन सूत्री मांग रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के प्राचार्य डॉक्टर रत्न पांडे को ज्ञापन सोफा गया। इन सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए यदि जल्द से जल्द हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आने वाला समय में एक बहुत बड़ा छात्र आंदोलन किया जाएगा चुकी रामगढ़ कॉलेज कैंपस दिन प्रति दिन स्थिति दयनीय होती जा रही है यहां के विद्यार्थी असुरक्षित महसूस करते हैं पूर्व में भी कई घटना हो चुकी है ऐसी स्थिति में छात्र नेता चुप नहीं बैठेंगे आज कॉलेज की जमीन भूमि माफिया के द्वारा बेचा जा रहा है बहुत जल्द ही इस विषय को लेकर आंदोलन किया जाएगा रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ की धरोहर है इसे बचाना हमारा कर्तव्य है रामगढ़ कॉलेज एकमात्र सरकारी कॉलेज है इस गंभीर विषय को कॉलेज प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए राजेश ठाकुर के नेतृत्व में रामगढ कॉलेज प्रचारिया को एक लिखित ज्ञापन सोपा गया जिसमें आदिवासी छात्र संघ के छात्र नेता शशि करमाली रमेश करमाली गगन करमाली सुरेश कुमार सतीश कुमार आकाश कुमार अमृत माली सुभाष मुंडा शशि बेदिया रवि महतो पवन महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## पीटीपीएस महाविद्यालय में वित्तीय घोटाले के खिलाफ छात्रों का विरोध प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीटीपीएस महाविद्यालय में वित्तीय घोटाले का मामला प्रकाश में आया है।तथा एबीपी महाविद्यालय यूनिट के छात्र-छात्राओं ने पीवीयूएनएल अधिकारी व महाविद्यालय सचिव संजय कुमार दास कायस्थ के खिलाफ महाविद्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। तथा विरोध प्रदर्शन में शामिल एबीपी नगर मंत्री उज्जवल कुमार सिंह ने कहा कि सचिव द्वारा वित्तीय घोटाले के खिलाफ हम लोगों का अनिश्चित कालीन आंदोलन शुरू हो रहा हैं।तथा हम लोगों की मांग है कि सचिव महोदय महाविद्यालय आकर वित्तीय मामलों का लेखा-जोखा का हिसाब सार्वजनिक करें।आगे छात्र छात्राओं ने कहा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को देखते हुए अन्य किसी व्यक्ति से संजय कुमार दास कायस्थ के द्वारा धमकाने आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा हैं जो की है बहुत निंदनीय है। महाविद्यालय छात्र नेता विशाल कुमार ने कहा कि वर्तमान में सेवानिवृत्ति प्रोफेसर प्रभारी प्राचार्य जिन पर बीते वित्तय घोटाले का आरोप है वर्तमान सचिव उन्हें क्लीन चिट देने में लगे हुए हैं।तथा हम लोग इस आंदोलन के माध्यम से एनटीपीसी प्रबंधन से मिलने का प्रयास करेंगे और ऐसे भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ शिकायत करेंगे और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग करेंगे।और हम लोगों ने माननीय राजपाल को भी लिखित शिकायत किया हुआ है। विरोध प्रदर्शन में अभिषेक कुमार, दिनेश कुमार, नैतिक कुमार, अनुराग कुमार, प्रियांशु प्रथम, सुमित कुमार, प्रीति कुमारी, सुनैना कुमारी, राधिका कुमारी, नीतू कुमारी, अंशु कुमारी, गायत्री कुमारी, निशु कुमारी के साथ काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पतरातू प्रखंड के मसमोहना में इको टूरिज्म का होगा निर्माण : अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड के मसमोहना में इको टूरिज्म का निर्माण होगा। इको टूरिज्म के निर्माण में लगभग सवा एक करोड़ की लागत आएगी। उक्त प्रस्ताव विधायक अंबा प्रसाद की मांग पर डीएमएफटी से वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़ द्वारा प्रदत्त कार्य योजना पर स्वीकृत हुई है। विधायक ने बताया कि तालाटांड में भी इको टूरिज्म बनेगा । वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू में प्रस्तावित पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण हेतु भूमि चयन कर लिए जाने के बाद ऊर्जा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र करने हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने की बात कही। विधायक ने बताया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण को लेकर लगभग सभी कागजी प्रक्रिया पूर्ण होते ही कैबिनेट से पॉलिटेक्निक कॉलेज निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा इसके लिए पूर्व ही स्वीकृति प्रदान हो चुकी है सिर्फ कैबिनेट की सहमति शेष है। आगे विधायक ने पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायत में आधारभूत संरचनाओं पथ,पुलिया गाडवाल निर्माण,पर्यटन क्षेत्रों के विकास, सीसीएल क्षेत्र के सौंदा बस्ती टिप्ला व बुध बाजार चीफहाउस में पेयजल की समस्या को दूर करने,लादी में सोलर पानी टंकी को दुरुस्त कराने की बात कही।

## 30 को उरीमारी परियोजना व आशीर्वाद आउटसोर्सिंग का चक्का जाम करेगा रैयत विस्थापित मोर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** पोटंगा पंचायत के भुरकुंडुवा फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को रैयत विस्थापित मोर्चा शाखा उरीमारी की बैठक जुरा सोरेन की अध्यक्षा में कि गई। वहीं संचालन बिनोद हेम्ब्रोम ने किया। बैठक में रैविमो के द्वारा पूर्व में उरीमारी परियोजना के परियोजना पदाधिकारी को 350 बेरोजगार विस्थापितों की सूची बना कर प्रबंधन को सौपा गया था। लेकिन प्रबंधन द्वारा अभी तक सकारत्मक पहल नहीं किया गया है। जिसके विरोध में रैयत विस्थापित मोर्चा शाखा उरीमारी के बैनर तले आगामी 30 सितम्बर को उरीमारी परियोजना एवं आउट सोर्सिंग आशीर्वाद कम्पनी का कार्य को सम्पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही उरीमारी परियोजना एवं आशिर्वाद कम्पनी की होगी। वहीं इस बैठक में बरका सयाल रैविमो के



क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा ने कहा आउटसोर्सिंग आशीर्वाद कम्पनी में स्थानीय विस्थापितों को रोजगार में पहला प्रथमिकता देना होगा। अगर कंपनी कोई पहल नही करती है, तो आशिर्वाद कम्पनी को कार्य नहीं करने दिया जाएगा।पोटंगा उप मुखिया रविन्द्र सोरेन ने कहा आउट सोर्सिंग आशीर्वाद कम्पनी में बहार के लोगों को काम में लगाया गया है, उन्हें आशिर्वाद कम्पनी हटाकर सभी जगहों पर स्थानीय बेरोजगार विस्थापितों को रोजगार से जड़ना होगा।वहीं बैठक के पश्चात रैविमो उरीमारी शाखा सचिव बिनोद हेम्ब्रोम ने कहा कि रैयत विस्थापित मोर्चा के माध्यम से आउटसोर्सिंग कम्पनी के सभी पदों पर रोजगार में स्थानीय बेरोजगार विस्थापितों को रखा जाएगा। वही श्री हेम्ब्रोम ने यह भी कहा कि ग्राम पोटंगा के भुरकुंडुवा, रस्का टोला, बरटोला, करमाली टोला, गंधौनिया, डेढ़का टोला,गेरा टोला, जोजो टोला, मुर्गा टोला, करमाटिल्हा, पोटंगा, बड़की टांड़, पारगढ़ा, असवा, तिलैया, सतमरा,हेसाबेड़ा,पिन्डरा एवं उरीमारी से हजारों की संख्या में महिला -पुरुष शामिल होकर बंदी को सफल बनाएंगे। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप मोहन सोरेन, जूरा सोरेन,सन्नी सोरेन, न्यू बिरसा शाखा अध्यक्ष जीतन मुण्डा, पंकज हेम्ब्रोम,साहेब राम बेसरा, विजय सोरेन, अजय बेसरा, सुखराम बेसरा, अजय मरांडी, आनंद बेसरा, अजय करमाली, नरेश बेसरा, संजय मुण्डा, प्रेम सोरेन नरेश हांसदा, रवि सोरेन, संदीप करमाली, अरूण करमाली, सुनील करमाली, राजू करमाली, मुन्ना सोरेन, बहालाल बेसरा, तालू टुडू, सोमरा हांसदा, जयपाल सोरेन, सुनील टुडू, राजू सोरेन, उमेश हेम्ब्रोम, दिलीप मुण्डा, सुरेश हेम्ब्रोम, सिकंदर सोरेन, प्रदीप बेसरा, रघु टुडू, रमेश सोरेन, प्रदीप टुडू, अविनाश सोरेन, राहुल सोरेन, पुनेश्वर गंझू, लालजी सोरेन, संतु बरला, महेन्द्र उरांव आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### मंकीपॉक्स को लेकर केंद्र ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली** : मंकीपॉक्स पर देश में डर के माहौल के बीच स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने सभी राज्यों को चिट्ठी लिखी है. स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से सभी राज्यों को लिखी गई चिट्ठी में वरिष्ठ अधिकारियों को तैयारियों की समीक्षा करने और जनता में किसी भी प्रकार की घबराहट को रोकने की बात कही गई है. स्वास्थ मंत्रालय की तरफ से सभी राज्यों व संविधानिक क्षेत्रों से अनुरोध किया गया है कि वे समुदायों को इस रोग, इसके फैलने के तरीकों, समय पर रिपोर्टिंग की आवश्यकता और निवारक उपायों के बारे में जागरूक करें. जनता में इसको लेकर पैनिक ना हो इसको लेकर महत्वपूर्ण ध्यान दिए जाने को भी कहा गया है.
**केंद्र ने राज्यों को दिए ये निर्देश**: अस्पतालों में संदिग्ध और पुष्टि किए गए मामलों की देखभाल के लिए आइसोलेशन सुविधाओं की पहचान करें, आवश्यक लॉजिस्टिक्स और ऐसे सुविधाओं में प्रशिक्षित मानव संसाधनों की उपलब्धता और संवर्धन योजना.सभी संदिग्ध मंकीपॉक्स मामलों को आइसोलेट किया जाना चाहिए और सख्त संक्रमण रोकथाम और नियंत्रण उपायों को लागू किया जाना चाहिए. उपचार लक्षणात्मक है और उपलब्ध उपचार दिशानिर्देशों का पालन किया जाना चाहिए.संभावित मंकीपॉक्स के लक्षण वाले किसी भी मरीज के त्वचा के घावों से नमूने तुरंत निर्दिष्ट प्रयोगशाला में भेजे जाने चाहिए, और जिनमें सकारात्मक परिणाम आते हैं, उनके नमूने क्लेड निर्धारित करने के लिए हृष्टस्ऌ-हृद्व्ङ्क को भेजे जाने चाहिए.रोबस्ट डायग्नोस्टिक परीक्षण क्षमता पहले से ही उपलब्ध है; पूरे देश में हृष्टस्ऌद्वारा समर्थित 36 प्रयोगशालाएँ और तीन व्यावसायिक क्कष्टक्रकिट जो हृष्टस्ऌसे मान्यता प्राप्त हैं और अब ष्टष्ठस्ष्टह्र से स्वीकृत है. जरूरी उपायों को लागू करके और दिशानिर्देशों का पालन करके, हम व्यक्तियों के स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा कर सकते हैं और मंकीपॉक्स के प्रकोप के प्रभाव को कम कर सकते हैं.मंत्रालय की तरफ से चिट्ठी में लिखा गया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय स्थिति की निकटता से निगरानी करता रहेगा और इस संबंध में राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों को सभी आवश्यक समर्थन प्रदान करेगा.

### तीन संस्थानों को मशीन के फॉर्म-बी में एंट्री की दी गई स्वीकृति

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार 27 सितंबर 2024 जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान समिति द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-क्कमें एंट्री, चिकित्सकों की जॉइनिंग, यूएसजी मशीन खरीदने, स्थान परिवर्तन पर विचार-विमर्श किया गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा एक अल्ट्रासाउंड सेंटर के रिन्यूअल और नौ सेंटर के रजिस्ट्रेशन की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान समिति द्वारा तीन संस्थानों को मशीन के फॉर्म-बी में एंट्री, एक सेंटर के स्थान परिवर्तन, आठ चिकित्सकों की जॉइनिंग, चार संस्थानों को यूएसजी मशीन खरीदने का अनुमोदन किया गया।बैठक के दौरान सिविल सर्जन सदर रांची, डॉ. प्रभात कुमार ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंटर का निश्चित समय अंतराल पर निरीक्षण करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करें।बैठक में समिति सदस्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रांची, प्रवीण कुमार सिंह एवं डीलिंग क्लर्क राकेश कुमार राय उपस्थित थे।

# मांडर विधानसभा सीट पर आमने-सामने की लड़ाई

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र



**रांची** : झारखंड में विधानसभा की तैयारियां शुरु है। भाजपा के सभी बड़े नेता, विधायक, सांसद और मंत्री झारखंड के सभी विधानसभा में हाजरी लगा रहे हैं। सबसे ज्यादा संथाल को लेकर पूरे राज्य में जो बयानबाजी हो रही है वह है डेमोग्राफी बदलाव की। भाजपा का आरोप है कि संथाल में घुसपैठिए के माध्यम से डेमोग्राफी बदली है। आदिवासी कम हुए हैं और मुसलमानों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। अगर ऐसा है तो ऐसे विधानसभा की भी पड़ताल होनी चाहिए जहां सामान्य जाति के लिए सीटें थीं।आज सामान्य जाति का कोई भी हो वह चुनाव नहीं जीत सकते। खासकर मुसलमानों के लिए लगभग सुरक्षित विधानसभा सीट पर जीत दर्ज कराना असंभव सा है।

**मांडर में पहली बार खिला था कमल:** मांडर विधानसभा एक ऐसा विधानसभा है, जो रांची जिला अंतर्गत है। लेकिन जब रांची लोकसभा चुनाव की बात होती है तो यह मांडर विधानसभा रांची लोकसभा में न होकर लोहरदगा लोकसभा में शामिल है। झारखंड का दो विधानसभा कांके में भाजपा और मांडर विधानसभा पर कांग्रेस लंबे समय तक काबिज रहा है। मांडर विधानसभा में कांग्रेस का रिकॉर्ड 2014 में भाजपा नेत्री गंगोत्री कुजूर ने तोड़ी थी। यहां पर भाजपा का पहली बार कमल खिला था। लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने गंगोत्री कुजूर पर भरोसा न करते हुए 2019 विस चुनाव कांग्रेस के बागी पूर्व मंत्री देवकुमार धान को कमल थमा दिया। लेकिन देवकुमार जेवीएम उम्मीदवार बंधु तिर्की से हार गये।

**मांडर विधानसभा में मुस्लिम रह चुके हैं विधायक:** 1952 में पहला विधायक का नाम जो आता है वह है सोमा टाना भगत का, जो कांग्रेस में ही थे। इसके बाद 1957 में एमनेस कुजूर जेपी पार्टी से थे। 1962 में जहूर अली कांग्रेस से विधायक हुए थे और पहली बार मुसलमान ने मांडर सीट पर कब्जा किया था। लेकिन इस सीट को गैर आदिवासियों के लिए सुरक्षित नहीं रहने दिया गया। कांग्रेस ने भी किसी मुसलमान नेता पर भरोसा नहीं जताया और विधायक जहूर अली के जगह पर करमचंद भगत को मौका दिया। इस तरह से 1967 में कांग्रेस के करमचंद भगत विधायक चुने गये।करमचंद भगत लंबे समय तक मांडर विधानसभा के विधायक रहे हैं। करमचंद भगत 1967, 69,72, 77, 80 तक करमचंद भगत ही विधायक हुए। 1985 में गंगा टाना भगत कांग्रेस से विधायक हुए। 1990 में फिर एक बार करमचंद भगत आरजेडी से विधायक चुने गये। वहीं 1995 में विश्वनाथ भगत तीर धनुष वाली पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा से विधायक हुए। अलग झारखंड बनने के बाद 1999-2000 में कांग्रेस से देव कुमार धान विधायक बने। वे अविभाजित बिहार में विधि मंत्री भी थे। देव कुमार धान को 2005 में यूजीडीपी जोड़ा पत्ता छाप वाले उम्मीदवार बंधु तिर्की ने उसे हरा दिये और बंधु शिक्षा मंत्री भी बने। 2009 में बंधु तिर्की जन अधिकार मंच गाजर छाप से चुनाव लड़े और विधायक चुने गये। लेकिन 2014 में टीएमसी से लड़ें। भाजपा उम्मीदवार गंगोत्री कुजूर से वे हार गए और मांडर विधानसभा में पहली बार कमल खिला। इसके बाद बंधु तिर्की जेल गये। 2019 में बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा कंघी छाप से चुनाव लड़े और चुनाव जीत गए। फिर बंधु की विधायाकी चली गई। 2022 में उपचुनाव हुआ। जहां बंधु तिर्की की सुपुत्री नेहा शिल्पी तिर्की कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ी और 95,062 वोट लाकर अपनी प्रतिद्वंदी भाजपा उम्मीदवार गंगोत्री कुजूर को 23,517 वोटों से हरा दी। भाजपा को 71545 वोट आया। बता दें कि 2019 में बंधु तिर्की को 92491,भाजपा के देवकुमार धान को 69364 वोट आये थे। वहीं 2014 में बंधु को टीएमसी से 46595 वोट, भाजपा की गंगोत्री को 54200 वोट आये थे। लोकसभा में 2024 में मांडर 1 लाख 31 हजार से लीड किया था।

**भाजपा बनाम बंधु तिर्की :** राजनीति में पार्टी-पार्टी के साथ लड़ाई होती है। भाजपा कांग्रेस, झामुमो,आजसू आदि हो सकते हैं। लेकिन मांडर विधान सभा ऐसी सीट हैं जहां बड़ी पार्टी कांग्रेस और भाजपा के सामने निर्दलीय उम्मीदवार बंधु तिर्की पहाड़ की तरह टीके रहते हैं। बंधु ने कांग्रेस के देवकुमार धान से सीट छीना। वहीं 2014 में भाजपा से हारे तो 2019 में भाजपा, आजसू, कांग्रेस, एएमआईएम को पछाड़ते हुए पुनः जीत दर्ज की। बंधु की विधायकी जाने के बाद 2022 में उपचुनाव में कांग्रेस का दामन थामा और बेटी की नैया पार लगायी। अब मांडर विधानसभा पर सनी टोप्पो जो कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ते थे, वे भाजपा का दामन थाम चुके हैं और अपनी अच्छी खासी पकड़ आदिवासी क्रिश्चियन और मुसलमानों के बीच बना ली है। लेकिन वोट में तब्दील कितना करा पायेंगे ये समय बतायेगा। अब देखना ये है कि भाजपा सन्नी पर भरोसा करेगी या सहयोगी आजसू के सहारे मांडर पर कब्जा करेगी ये देखना दिलचस्प होगा।

**मांडर विधानसभा में मतदाताओं की संख्या:** मांडर विधानसभा में लोकसभा 2024 मतदाता सूची के अनुसार करीब 430 बूथ है, जिसमें 122 बूथ अतिसंवेदनशील है। कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 70288 है, महिला 1,86320, पुरुष 1,83967, थर्ड जेंडर एक, युवा मतदाता11524 है। आदिवासी सरना की संख्या अधिक है। करीब 175 000 की संख्या है। यहीं यहां तय करती है कि विधायक कौन बनेगा। जबकि ईसाई मिशनरीज 38 हजार और 66 हजार मुसलमान, करीब 75 हजार 5 सौ हिंदू शामिल हैं। यहां पर जो जीत का अंतर है। करीब 20 से 22 हजार के बीच होती है। बंधु तिर्की के चुनाव जीतने का मुख्य कारण ईसाई मतदाता हैं।

### देव कुमार धान ने कहा

पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने बताया कि पहले मैं विधायक था , लेकिन परिस्थितियां बदल रही है। अब चुनाव लड़ेंगे या नहीं लड़ेंगे या अभी तय नहीं किया है।

### सनी टोप्पो कहते हैं

सनी टोप्पो ने कहा कि मांडर विधानसभा आदिवासी बहुल क्षेत्र तो है,लेकिन आदिवासियों का जो विकास होना चाहिए था। मांडर विधानसभा का जो विकास होना चाहिए था वह विकास इतने सालों में नहीं हो सका है। अब बाप-बेटी के कार्यकाल को मांडर की जनता देख चुकी है,इसलिए अब वह परिवर्तन के मूड में हैं।

### भाजपा नेत्री ने कहा

पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि भाजपा का कमल मैंने मांडर में खिलाया था। लेकिन 2019 में मौका मुझे नहीं मिला, लेकिन उम्मीद है इस बार मुझे मौका मिलेगा।

### नेहा शिल्पी ने कहा

मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की ने बताया कि मांडर विधानसभा में जो वोटर हैं वह बंधु तिर्की और कांग्रेस के अपना वोटर हैं। लंबे समय तक कांग्रेस यहां पर काबिज रहा है। दूसरा अगर कोई काबिज हुए हैं तो बंधु तिर्की। यहां की जनता हमारा परिवार है। सुख दुख में हम सब साथ हैं। जहां तक काम की बात है तो गठबंधन की सरकार में बहुत काम हुए हैं। कुछ बाकी बचे हैं तो इस पर भी तैयारी हो रही है। भाजपा यहां सिर्फ हवा हवाई है, उसका जनाधार यहां नहीं है।

### बंधु तिर्की ने कहा

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की बताते हैं कि मांडर विधानसभा आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां जो काम करेगा उसे ही वोट मिलेगा। जमीनी नेता को यहां पसंद करते हैं। हवा हवाई वाले को और खास करके बीजेपी वालों के लिए यहां पर कोई जगह नहीं है।

# झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय रांची द्वारा सेमेस्टर 1, 2 व 3 का परीक्षा संपन्न

### मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के केंद्राधीक्षक डॉ. श्वेता कुमारी के देखरेख में संपन्न हो रहा है परीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर:** जेएसओयू रांची द्वारा विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा के 31 कोर्सों के लिए पलामू, गढ़वा एवं लातेहार का परीक्षा केंद्र मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न हुआ। जेएसओयू रांची के ऑब्जर्वर ने बताया कि रेगुलर कोर्स के तर्ज पर ही ओपन यूनिवर्सिटी के परीक्षार्थी मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र पर लिखित एवं प्रैक्टिकल परीक्षा दे रहे हैं। केंद्र अधीक्षक डॉक्टर श्वेता कुमारी ने बताया कि शिक्षकों की निगरानी में सभी परीक्षा लिए जा रहे हैं। परंतु अमानत एवं सर्विंग के विद्यार्थी प्रैक्टिकल परीक्षा रांची जाकर अपने निर्धारित समय पर देंगे। यहां ऑनलाइन एवं ऑफलाइन क्लास की सुविधा है। बता दें कि जेएसओयू में नामांकन लेने वाले विद्यार्थी ओपन यूनिवर्सिटी रांची द्वारा ऑनलाइन क्लास एवं स्टडी सेंटर द्वारा ऑफलाइन क्लास कर सकते हैं। स्टडी मैटेरियल साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा बेहतरीन डिजाइन किया हुआ स्टडी मैटेरियल यूनिवर्सिटी द्वारा प्रदान किया जाता है। इसमें रेगुलर कोर्स के विद्यार्थी, नौकरी पेसा लोग और घर बैठे महिलाएं अपने कीमती समय का सदुपयोग कर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। 10वीं और 12वीं कोर्स की मान्यता यहां मिल चुकी है और अगले सत्र से नामांकन प्रारंभ होगा। यहां जल्द ही बीसीए, एमसीए बीजेएमसी, एमजेएमसी और बीएड में भी नामांकन लिया जाएगा। यह सभी कोर्स प्रक्रिया में है। सभी कोर्स में ई कल्याण झारखंड सरकार द्वारा शत प्रतिशत स्कॉलरशिप की सुविधा प्राप्त है। जिससे कम खर्चे में अपने घर पर रहकर मानक सर्टिफिकेट और डिग्री हासिल कर सकते हैं। मानव देवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में बीबीए और एमकॉम में नामांकन प्रारंभ है। बता दें कि पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय डाल्टनगंज में मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज ऐसा कॉलेज है, जहां के विद्यार्थी शत प्रतिशत सफलता प्राप्त करते हैं। साथ ही यहां के विद्यार्थी देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम लहराते हुए नंबर वन नौकरी कर रहे हैं। यहां झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय का ओपन सेंटर खुल जाने से छात्र-छात्राओं को काफी सहूलियत प्राप्त हो रहा है। प्राचार्ज डॉक्टर श्वेता कुमारी कॉलेज में हर तरह का कोर्स कराने को लेकर कृत संकल्पित है।

# एबीवीपी ने विभिन्न मांगो के समर्थन में समाहरणालय के समक्ष दिया धरना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : विभिन्न मांगो के समर्थन में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा जिला इकाई द्वारा स्थानीय जिला समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना में मुख्य रूप से अखिल भारतीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह प्रमुख विनीत पांडेय मौजूद थे।
मौके पर विनीत पांडेय ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में विद्यार्थियों को शिक्षा, युवाओं को रोजगार और महिलाओं को सुरक्षा एवं समान अधिकार के वादे पर राज्य की जनता ने हेमंत सोरेन को अवसर प्रदान किया। सरकार को चुनते समय 19 वर्ष का युवा आज 24 वर्ष पूरे करने के कगार पर खड़ा है। लेकिन अपना व्यस्क राज्य झारखंड आज भी गरीबी और कमजोर प्रशासन की मार झेल रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर आज भी समाज के गरीब और शोषित वर्गो तक स्वास्थ्य सेवाएं की पहुंच के मामले में झारखंड काफी पीछे हैं। जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि साल में 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा हो अथवा झारखंड की बेटियों को प्राथमिक विद्यालय से पीएचडी तक की मुफ्त शिक्षा का वादा, राज्य के जनमानस को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने का वादा, सरकार अपने हर वादे को पूरा करने में पूरी तरह से नाकाम रही है। विगत 5 वर्षों में शिक्षा वेंटिलेटर पर आ चुकी है। यहां ना तो विश्वविद्यालय में नियमित कुलपति है ना तो कॉलेज में नियमित प्रधानाचार्य। धरना कार्यक्रम में विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजा यादव, सचिन चौबे, प्रिंस सिंह, अंकित कुमार, प्रवीण, विनोद प्रसाद, दीपक, मिथुन, कुंदन, हरिवंश, राजन, राकेश, मधु, पिंकी, नेहा, सुषमा, काजल, अंजलि, निधि, प्रीति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### सदर अस्पताल में मरीजों के लिए बढ़ाई जा रही है बेहतर सुविधाएं

**रांची** : सदर अस्पताल सुपरस्पेशियलिटी में बेहतर सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। अस्पताल में लेबोरेटरी इंफार्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एलआईएमएस) लगाने की तैयारी है। जिससे कि इलाज के लिए आने वाले मरीजों को रिपोर्ट के लिए दौड़ नहीं लगानी होगी। एक क्लिक पर रिपोर्ट उनके मोबाइल पर उपलब्ध होगा। जिसे वे कहीं से भी प्रिंट करा सकेंगे। इतना ही नहीं डॉक्टरों के पास रिपोर्ट लेकर भटकने की जरूरत नहीं होगी। चूंकि आनलाइन मरीजों की रिपोर्ट उपलब्ध रहेगी। अस्पताल में आने वाले मरीजों का सैंपल कलेक्शन एक जगह पर होगा। बार कोड से मरीजों के सैंपल संबंधित विभागों में भेज दिए जाएंगे। टेस्ट के बाद मरीजों की डिटेल आनलाइन अपलोड कर दी जाएगी। वहीं मरीजों को रजिस्टर्ड नंबर पर मैसेज चला जाएगा। जिसके बाद वे ओटीपी डालकर अपनी रिपोर्ट डाउनलोड कर सकेंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि मरीजों को रिपोर्ट के लिए हर दिन अस्पताल की दौड़ नहीं लगानी होगी।



